दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 107 | जयपुर, गुरुवार, 28 मार्च, 2024 | चैत्र, कृष्ण पक्ष- तृतीया, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**कोलकाता एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टला... डीजीसीए ने लिया एक्शन- दिया जांच का आदेश**

## रनवे पर आपस में टकराए IndiGo और Air India के विमान

एजेंसी | नई दिल्ली

कोलकाता एयरपोर्ट के रनवे पर उस वक्त हड़कंप मच गया जब इंडिगो और एयर इंडिया एक्सप्रेस विमान आपस में टकरा गए। इंडिगो विमान टैक्सी वे से गुजर रहा था और उड़ान भरने के लिए एयरपोर्ट से ग्रीन सिग्नल के इंतजार में था। वहीं, दूसरी ओर एयर इंडिया एक्सप्रेस विमान रनवे पर खड़ा था। विमान में सैकड़ों यात्री थे। विमानों के आपस में टकराने से यात्रियों में खलबली मच गई। हालांकि किसी तरह के घायल या जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। उधर, डीजीसीए ने मामले में एक्शन लेते हुए इंडिगो के दोनों पायलटों को नौकरी से निकाल दिया है।



जानकारी के अनुसार, दरभंगा जा रहे इंडिगो का एक विमान कोलकाता हवाई अड्डे में रनवे पर टैक्सी वे पर धीरे-धीरे गुजर रहा था। तभी विमान की टक्कर रनवे पर खड़े एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान से हो गई। एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार, दोनों विमानों के पंख आपस में टकराकर क्षतिग्रस्त हो गए थे। इंडिगो विमान के पंख का एक हिस्सा टूटकर रनवे पर गिर गया था। उधर, एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने बताया कि कोलकाता एयरपोर्ट के रनवे पर हमारा एक विमान तमिलनाडु के चेन्नई जाने के लिए क्लियरेंस का इंतजार कर रहा था। इस दौरान दूसरी एयरलाइन कंपनी के प्लेन के पंख का किनारे का हिस्सा उससे टकरा गया था। उन्होंने कहा कि इस हादसे की वजह से यात्रियों को असुविधा हुई इसके लिए उन्हें खेद है।

### दोनों पायलटों को नौकरी से हटाया

एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, डीजीसीए ने इंडिगो ए 320 वीटी-आईएसएस के दोनों पायलटों को नौकरी से हटा दिया है और विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं। डीजीसीए के एक अधिकारी ने कहा कि हमने मामले की जांच के आदेश दिए हैं और इंडिगो एयरलाइंस के दोनों पायलटों को ऑफ-रोस्टर कर दिया गया है। जांच के दौरान ग्राउंड स्टाफ से भी पूछताछ की जाएगी। दोनों उड़ानों को कुछ देर निरीक्षण के लिए रोका गया था।

### विमान में सवार थे 135 यात्री

इंडिगो के विमान में चार बच्चों सहित 135 यात्री सवार थे। इंडिगो के प्रवक्ता ने मामले में बयान दिया कि कोलकाता हवाई अड्डे पर इंडिगो विमान और एक अन्य विमान में मामूली टक्कर की सूचना मिली थी। विमान प्रोटोकॉल के अनुसार निरीक्षण और आवश्यक कार्रवाई के चलते दरभंगा जा रहे यात्रियों के लिए वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था की गई।

**लोकसभा चुनाव का प्रथम चरण: 30 मार्च तक होंगे नाम वापस**

# नामांकन के अंतिम दिन 131 कैंडिडेट ने भरे 179 पर्चे

बेधड़क | जयपुर

लोकसभा चुनाव-2024 के तहत प्रथम चरण के 12 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए बुधवार को नामांकन के आखिरी दिन तक 131 प्रत्याशियों ने 179 नामांकन पत्र प्रस्तुत किए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि बुधवार को 91 प्रत्याशियों ने 129 नामांकन पर दाखिल किए। श्रीगंगानगर से 2, बीकानेर से 8, चूरू से 15, झुंझुनूं से 9, सीकर से 10, जयपुर ग्रामीण से 12, जयपुर से 6, अलवर से 6, भरतपुर से 4, करौली-धौलपुर से 4, दौसा से 4 और नागौर से 8 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए। गुरुवार को नामांकन पत्रों की जांच होगी। वहीं, 30 मार्च तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। जयपुर शहर सीट से 16 प्रत्याशियों ने 24 नामांकन भरा है, जबकि जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र से सर्वाधिक 17 प्रत्याशियों ने 24 नामांकन प्रस्तुत किए हैं।

■ सीएम ने भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा की नामांकन सभा को किया संबोधित



### चुनाव में कांग्रेस को जनता सिखाएगी सबक: भजनलाल

**जयपुर।** सीएम भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि कांग्रेस ने झूठ और भ्रष्टाचार के अलावा देश और प्रदेश को कुछ नहीं दिया है। सीएम जयपुर में बीजेपी उम्मीदवार मंजू शर्मा की नामांकन रैली को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि स्वर्गीय भंवरलाल शर्मा ने प्रदेश में भाजपा को मजबूती देने का काम किया। उनकी बेटी को भाजपा ने टिकट दिया है। पार्टी ने बूथ लेवल पर काम करने वाली कार्यकर्ता को टिकट दिया है। ऐसे में इन्हें 8 लाख से ज्यादा वोटों से जिताना है। सीएम ने कहा कि हमारा कार्यकर्ता चुनाव में जो वादा करके आएगा, उसको हमारी सरकार पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है। इसकी कहानी भ्रष्टाचार से प्रारंभ होती है और भ्रष्टाचार पर जाकर खत्म हो जाती है। ये तुष्टिकरण के आधार पर चलने वाले है। जनता अब कांग्रेस को समझ चुकी हैं और उसे लोकसभा चुनाव में विधानसभा से भी बड़ा सबक सिखाने वाली है। वहीं अलवर में भाजपा उम्मीदवार भूपेंद्र यादव की नामांकन रैली को संबोधित करते हुए सीएम ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर परिवारवाद का आरोप लगाया।







### मंजू, खाचरियावास, चौपड़ा, राव राजेंद्र सिंह ने भरा नामांकन

नामांकन के आखिरी दिन जयपुर शहर सीट से भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा, कांग्रेस से प्रताप सिंह खाचरियावास, जयपुर ग्रामीण से अनिल चौपड़ा ने नामांकन भरा। साथ ही जयपुर ग्रामीण सीट से भाजपा से राव राजेंद्र सिंह ने नामांकन भरा। कुल मिलाकर जयपुर की दोनों सीटों से 33 नामांकन पत्र भरे गए।

### दूसरे चरण के लिए अधिसूचना आज

**जयपुर।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए प्रदेश में दूसरे चरण की अधिसूचना गुरुवार को जारी होगी। इसके साथ ही सभी संबंधित रिटर्निंग अधिकारी लोक सूचना जारी करेंगे। दूसरे चरण में 13 लोकसभा क्षेत्रों टोंक-सवाईमाधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बासंवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़-बारां में 26 अप्रैल को मतदान होगा। मतदान की अवधि सुबह 7 से 6 बजे तक रहेगी। अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन दाखिल करने का काम शुरू होगा। 4 अप्रैल तक नामांकन किए जा सकेंगे। 5 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी तथा 8 अप्रैल तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। मतगणना 4 जून को होगी।

**जरूरी खबर**

### मुठभेड़ में नक्सली डिप्टी कमांडर समेत छह की मौत



**बीजापुर।** लोकसभा चुनाव से पहले बीजापुर जिले के नक्सल प्रभावित बासागुड़ा थाना क्षेत्र के चीपुरभट्टी में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 6 नक्सली मारे गए हैं। इनमें नक्सलियों के प्लाटून नंबर 10 का डिप्टी कमांडर नागेश और दो महिलाएं भी शामिल हैं। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि तालपेरू नदी के किनारे जंगलों में हुई मुठभेड़ में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और इसकी विशिष्ट इकाई कोबरा (कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन) के जवान शामिल थे।

### 80 हजार रुपए की घूस लेते दलाल अरेस्ट

**उदयपुर।** जिले के वल्लभनगर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम द्वारा बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इस कार्रवाई में एसीबी टीम ने थाने के एसएचओ और कांस्टेबल के नाम से रिश्वत मांग रहे दलाल कमलेश पोखरना को ट्रेप किया गया। कमलेश पोखरना पूर्व में भींडर का उपप्रधान रह चुका है। जानकारी के अनुसार जेसीबी मशीन को छोड़ने की एवज में दलाल कमलेश को एसीबी की टीम ने 80 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। जेसीबी मशीन को छोड़ने के लिए डेढ़ लाख की रिश्वत की मांग की गई। कार्रवाई की भनक लगने पर कांस्टेबल बजरंग मौके से फरार हो गया।

**पीयूष आनंद को NDRF की कमान**

# एनआईए के नए डीजी बने आईपीएस सदानंद वसंत



*सदानंद वसंत*



*पीयूष आनंद*

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले केंद्र सरकार ने बड़े प्रशासनिक फेरबदल किए हैं। देश के चर्चित आईपीएस अधिकारी सदानंद वसंत को नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी (NIA) का डायरेक्टर जनरल (DG) नियुक्त किया गया है। वहीं, आईपीएस पीयूष आनंद को नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (NDRF) का डीजी बनाया गया है।

केंद्र सरकार की ओर से बुधवार को इन नियुक्तियों से संबंधित आदेश जारी कर दिया गया है। इसमें यह भी बताया गया है कि IPS राजीव कुमार शर्मा को ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट (BPRD) में डीजी बनाया गया है।

महाराष्ट्र कैडर के IPS अधिकारी सदानंद वसंत अपने कड़े फैसलों के लिए जाने जाते हैं। फिलहाल वह मुंबई में एटीएस के प्रमुख हैं। उन्हें 2015 में सीआरपीएफ का आईजी नियुक्त किया गया था।

उधर, उत्तर प्रदेश कैडर के 1991 बैच के आईपीएस और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) में वर्तमान विशेष महानिदेशक पीयूष आनंद को नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (NDRF) का डीजी नियुक्त किया गया है।



### BPRD में राजीव को बनाया डीजी

राजस्थान कैडर के 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कुमार शर्मा को पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो का डीजी नियुक्त किया गया है। शर्मा वर्तमान में भ्रष्टाचार निरोधक शाखा के प्रमुख हैं और इससे पहले उन्होंने डीजीपी (कानून और व्यवस्था), राजस्थान सशस्त्र कांस्टेबुलरी (आरएसी), और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) के रूप में कार्य किया है।

**टूटे कई बड़े रिकॉर्ड**

# हैदराबाद ने खोला जीत का खाता, रिकॉर्ड से भरे मैच में मुंबई को हराया

- हैदराबाद ने रचा इतिहास, खड़ा किया सबसे बड़ा स्कोर
- हाई स्कोरिंग मुकाबले में मुंबई को 31 रन से हराया
- सनराइजर्स हैदराबाद ने धवस्त किया RCB का 11 साल पुराना रिकॉर्ड

बेधड़क | हैदराबाद

सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस को हाईस्कोरिंग मुकाबले में 31 रन से हरा दिया है। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में आईपीएल के इतिहास का हाईएस्ट टोटल बनाने के बाद भी सनराइजर्स हैदराबाद को मुंबई इंडियंस ने कड़ी टक्कर दी। सनराइजर्स हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 277 रन बनाए। इसके जवाब में मुंबई इंडियंस ने आखिरी ओवरों तक जीतने का जज्बा दिखाया लेकिन 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 246 रन बना सकी। मुंबई का आईपीएल में ये हाईएस्ट स्कोर भी है। मुंबई इंडियंस की ओर तिलक वर्मा ने सर्वाधिक 64 रन बनाए। इस मैच के दौरान आईपीएल के इतिहास में एक मुकाबले में सबसे ज्यादा छक्के (38) लगने का रिकॉर्ड भी टूटा। इसके जवाब में मुंबई इंडियंस ने धमाकेदार शुरुआत की। हालांकि चौथे ओवर में ईशान किशन के रूप में टीम को पहला झटका लगा। ईशान 34 रन बनाकर आउट हुए। रोहित शर्मा ने 12 गेंद में 26 रन बनाए। नमन ने 14 गेंद में 30 रन का योगदान दिया। तिलक वर्मा ने 34 गेंद में 64 रन की दमदार पारी खेलकर मुंबई की जीत की उम्मीदों को जिंदा रखा था। कप्तान हार्दिक पांड्या ने 20 गेंद में 24 रन बनाए। टिम डेविड ने 22 गेंद में 42 रन की पारी खेली। रोमारियो शेफर्ड ने 15 रन का योगदान दिया।



### मुंबई इंडियंस के गेंदबाजों की जमकर की धुनाई

इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा और एडन मार्करम के तूफानी अर्धशतकीय पारी की बदौलत आईपीएल के इतिहास का हाईएस्ट टोटल बना दिया है। सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 277 रन बनाए। इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने तीन विकेट खोकर 263 रन बनाए थे, जोकि आईपीएल का हाईएस्ट टोटल था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद की टीम की शुरुआत अच्छी रही। मयंक और ट्रैविस हेड के बीच पहले विकेट के लिए 45 रन की साझेदारी हुई। मयंक न 13 गेंद में 11 रन बनाए। ट्रैविस हेड ने सिर्फ 18 गेंद में फिफ्टी पूरी की। हेड 24 गेंद में 62 रन बनाकर आउट हुए। अभिषेक ने 16 गेंद में फिफ्टी जड़ दी है और वह सनराइजर्स के लिए सबसे तेज फिफ्टी लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। अभिषेक 23 गेंद में 63 रन की धमाकेदार पारी खेलकर पवेलियन लौटे। हेनरिक क्लासेन ने 23 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। मार्करम 28 गेंद में 42 रन, जबकि हेनरिक क्लासेन 34 गेंद में 80 रन बनाकर नाबाद लौटे।



## जरूरी खबर

### बीकानेर हाउस में निकाली गणगौर की सवारी



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में नई दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस प्रांगण में राजस्थान की पारंपरिक गणगौर की सवारी निकालकर पूजा-अर्चना की गई। नई दिल्ली में प्रवासी राजस्थानियों की प्रमुख संस्था राजस्थान मित्र मंडल द्वारा निकाली गई। सवारी में राजस्थानी वेशभूषा में महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर एक मेहंदी प्रतियोगिता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न आयु की प्रतिभागियों ने भाग लिया। गुरुवार को बीकानेर हाउस परिसर स्थित चांदनी बाग में एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा।

### सामान्य एवं पुलिस पर्यवेक्षकों से हो सकेगा संपर्क

**बेधड़क. जयपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 2 सामान्य पर्यवेक्षक एवं एक पुलिस पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के संबंध में आमजन अपनी परिवेदना के लिए पर्यवेक्षकों से सुबह 10 से 11 बजे तक सर्किट हाउस के कमरा संख्या 208 में मुलाकात कर सकते हैं। जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की सामान्य पर्यवेक्षक कामिनी चौहान रत्न से मोबाइल नंबर 9461560301 पर और जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य पर्यवेक्षक दिलराज सिंह से मोबाइल नंबर 9460165845 पर संपर्क साधा जा सकता है। वहीं, पुलिस पर्यवेक्षक नवनीत सिकेरा से मोबाइल नंबर 7597341180 पर भी संपर्क साधा जा सकता है।

### निगम अधिकारियों ने नाइट स्वीपिंग का किया निरीक्षण



**बेधड़क. जयपुर।** राजधानी में सफाई व्यवस्था में सुधार को लेकर नगर निगम एक्टिव मोड पर चल रहा हैं। इसके लिए निगम अधिकारियों की ओर से दिन-रात नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार रात को नगर निगम ग्रेटर के 28 अधिकारी बाजारों में रात्रि कालीन सफाई की रेंडम सफाई मॉनिटरिंग करने पहुंचे। इस दौरान थड़ी ठेलों वालों को समझाइश की गई और मुख्य सड़क की नाइट स्वीपिंग का निरीक्षण किया।

### लोकसभा चुनाव को लेकर मुख्य सचिव सुधांश पंत ने पांच राज्यों के अधिकारियों संग की बैठक

# भयमुक्त चुनाव के लिए पड़ोसी राज्यों में हो आपसी समन्वय

बेधड़क । जयपुर



राजस्थान के मुख्य सचिव सुधांश पंत ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के 5 पड़ोसी राज्यों पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश एवं गुजरात के मुख्य सचिवों, पुलिस महानिदेशकों और प्रमुख सचिवों (गृह) की बैठक को संबोधित किया।

बैठक में लोकसभा आम चुनाव को देखते हुए कानून-व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों के संबंध में चर्चा की। मुख्य सचिव ने कहा कि लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित कराने के लिए राजस्थान सहित सभी पड़ोसी राज्यों को समन्वय बनाकर संवेदनशीलता और सतर्कता बरतनी होगी।

उन्होंने कहा कि अवैध नकदी, अवैध शराब आदि के प्रवाह को रोकने के लिए अंतरराज्यीय सीमाओं पर दो तरफा निगरानी बढ़ाई जानी चाहिए। पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए प्रदेशभर में पुलिस द्वारा प्रभावी रूप में निषेधात्मक कार्रवाई की जा रही है। संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर, कानून व्यवस्था की स्थिति का आकलन कर जिलेवार केन्द्रीय पुलिस बलों का आवंटन कर दिया गया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था विशाल बंसल ने शराब और ड्रग्स के अवैध परिवहन एवं गैर जमानती भगोड़े अपराधियों सहित अन्य लंबित अंतरराज्यीय प्रकरणों के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने अंतरराज्यीय चैक पोस्टों पर निगरानी बढ़ाने का भी आग्रह किया।

### सघन जांच के आदेश

मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण गुप्ता ने बताया कि वीसी में निर्वाचन के दौरान धन-बल, अवैध शराब और मादक पदार्थों को रोकने के लिए प्रभावी कार्य-योजना बनाकर कार्य करने, बॉर्डर एरिया चेक पॉइंट्स पर सघन जाँच, सभी एजेंसियां को समन्वय से कार्य करने और आयोग के सभी निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए गए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान प्रदेश में कानून-व्यवस्था को प्रभावित कर सकने वाले मुद्दों की सूची बनाकर पुलिस एवं प्रवर्तन एजेंसियों को चाक-चौबंद कर दिया गया है। इसके लिए पुलिस और आबकारी विभाग की राजस्थान के 223 चेक पॉइंट्स एवं पड़ोसी राज्यों के 174 चेक पॉइंट्स पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

### अवैध सामग्री के परिवहन पर लगाई रोक

मुख्य निर्वाचन अधिकारी गुप्ता ने कहा कि निर्वाचन में मतदाताओं को प्रलोभन देने या किसी भी अन्य प्रकार से प्रभावित करने की आशंका को समाप्त करने के लिए अवैध नकदी, अवैध शराब, मादक पदार्थ, सोना-चांदी सहित बहुमूल्य धातुओं और फ्रीबीज के अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है और रिकार्ड जब्ती की गई है। उन्होंने कहा कि अंतरराज्यीय सीमाओं पर सभी पुलिस चेकपोस्ट, आबकारी चेकपोस्ट और वन नाकों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। गुप्ता ने कहा कि राज्य की सीमाओं पर जहां अंतरराज्यीय आवागमन अधिक है, वहां फर्जी मतदान की आशंका को रोकने के लिए आगमन बिन्दुओं को सील करने के निर्देश दे दिए गए हैं।

### सीएम भजनलाल सहित कई नेताओं ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

# BJP प्रत्याशियों ने भरे नामांकन सभा में गूंजा 400 पार का नारा

बेधड़क । जयपुर

लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए बुधवार को नामांकन के अंतिम दिन भाजपा प्रत्याशियों ने कई निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन सभा के बाद हजारों कार्यकर्ताओं के साथ रैली निकाली और अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

इस दौरान सीएम भजन लाल शर्मा, प्रदेश सह-प्रभारी विजया रहाटकर, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, प्रेमचंद बैरवा, सांसद रामचरण बोहरा, राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, विधायक कालीचरण सर्राफ, जयपुर शहर जिलाध्यक्ष राघव शर्मा और लोकसभा चुनाव संयोजक डॉ. एस. एस अग्रवाल सहित अन्य विधायक और पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इसी तरह अलवर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव के समर्थन में बाइक रैली निकाली गई। उसके बाद आयोजित नामांकन सभा को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि अलवर लोकसभा क्षेत्र की जनता का भाजपा के प्रति ये अपार स्नेह, अटूट विश्वास और प्रचंड समर्थन



### सीएम सहित मंत्रियों ने भरवाया नामांकन

करौली-धौलपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी इंदु देवी जाटव ने नामांकन सभा के बाद अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन सभा के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा उपस्थित रहे। बीकानेर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल की नामांकन सभा में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और प्रदेश चुनाव सह-प्रभारी प्रवेश शर्मा उपस्थित रहे।

### झुंझुनू में चतुर्वेदी, दौसा में तिवाड़ी हुए शामिल

वहीं झुंझुनू लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी शुभकरण चौधरी की नामांकन सभा में भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं जोइनिंग कमेटी के संयोजक अरूण चतुर्वेदी और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री अविनाश गहलोत उपस्थित रहे। भरतपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रामस्वरूप कोली की नामांकन सभा में प्रदेश चुनाव प्रभारी डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे और पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी उपस्थित रहे। वहीं दौसा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कन्हैयालाल मीणा की नामांकन सभा में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सासंद घनश्याम तिवाड़ी और पूर्व मंत्री प्रभुलाल सैनी उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प 'अबकी बार 400 पार' को साकार करके रहेगा। इस दौरान सीएम भजनलाल ने पूर्व सीएम अशोक गहलोत पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गहलोत साहब आपको सिर्फ अपने बेटे की चिंता है। इस देश के बेटों की चिंता नहीं है। अगर चिंता होती तो नकल नहीं हो रही होती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने इस प्रदेश ही हालत कैसी बनाई है, यह सबके सामने है।

सीएम शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 500 साल का कलंक मिटाने का काम किया है। उस समय कहते थे धारा 370 हटाएंगे तो खून की नदियां बह जाएगी, लेकिन जनता के वोट की ताकत ने धारा 370 को हटा दिया और एक बूंद खून की नहीं गिरी। गरीब कल्याण की योजनाओं के बारे में भाजपा ही सोच सकती है। गरीबों के कल्याण के लिए केंद्र सरकार ने कई तरह की योजनाएं लागू की है, जिनसे लोगों का जीवन स्तर उच्च बन रहा है। सीएम भजनलाल ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो और न्याय यात्रा पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं को न्याय यात्रा की निकालने की जरूरत तब थी, जब युवाओं के साथ अन्याय हो रहा था। राजस्थान महिला और दलित अत्याचारों में पहले नंबर पर था। अब भारत जोड़ो यात्रा निकालते हैं। मैं राहुल गांधी से कहता हूं कि अपने पूर्वजों को याद कर लें। विभाजन का काम उनके परिवार ने किया है।

### जलजीवन मिशन मामले में कार्रवाई

# महेश जोशी को ईडी ने दिया तीसरा नोटिस, आज होगी पूछताछ

बेधड़क । जयपुर



प्रदेश में लोकसभा चुनाव की गहमा-गहमी के बीच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व जलदाय मंत्री डॉ. महेश जोशी को पूछताछ के लिए तीसरा नोटिस जारी किया है। ईडी ने महेश जोशी को गुरुवार को पूछताछ के लिए बुलाया है।

यह पूरा मामला जल जीवन मिशन में कथित रूप से हजारों करोड़ रुपए के घोटाले से जुड़ा है। इसमें अवैध रूप से धन के लेन-देन के आरोपों की धन शोधन अधिनियम के तहत ईडी जांच कर रही है। इसी मामले में पूर्व मंत्री महेश जोशी को ईडी ने पूछताछ के लिए नोटिस दिया है। पहले दो नोटिस पर महेश जोशी पूछताछ के लिए नहीं पहुंचे थे। दरअसल, महेश जोशी के करीबी संजय बड़ाया से जल जीवन मिशन मामले को लेकर ईडी दो बार लंबी पूछताछ कर चुकी है। इसी पूछताछ के आधार पर ईडी ने 16 मार्च को महेश जोशी को नोटिस देकर 18 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया था। हालांकि, 18 मार्च को महेश जोशी पूछताछ के लिए नहीं पहुंचे और ईडी के अधिकारियों को पत्र लिखकर 15 दिन की मोहलत मांगी थी। इस बीच उन्हें एक और नोटिस दिया गया। हालांकि, वे दूसरी बार भी पूछताछ के लिए नहीं गए। अब ईडी ने उन्हें तीसरी बार नोटिस दिया है।

### पहले नोटिस पर जोशी ने कही थी यह बात

16 मार्च को ईडी का पहला नोटिस मिलने के बाद महेश जोशी ने पत्र लिखकर पूछताछ के लिए उपस्थित होने के लिए 15 दिन की मोहलत मांगी थी। उस समय उन्होंने कहा था कि ईडी ने दस्तावेजों की एक लंबी फेहरिस्त दी है। जो उन्हें पूछताछ के समय साथ लेकर जाने हैं। इन दस्तावेजों को जुटाने के लिए कम से कम 15-20 दिन का समय मिलना चाहिए। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा था कि जो जानकारी और दस्तावेज ईडी ने मांगे हैं। उनमें जल जीवन मिशन में घोटाले का जिक्र तक नहीं है।

### तेज गर्मी से दो दिन बाद मिलेगी राहत

# अलर्ट: शेखावाटी और बीकानेर संभाग में बारिश की संभावना

बेधड़क । जयपुर



प्रदेश में दो दिन गुरुवार और शुक्रवार को भीषण गर्मी का असर रहने के आसार हैं। साथ ही मौसम विभाग ने अलर्ट जारी कर जोधपुर संभाग में दिन में पारा 52 डिग्री से ज्यादा रहने की आशंका जताई है।

हालांकि 29 और 30 मार्च को पश्चिमी राजस्थान में एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना जताई जा रही है। बीकानेर संभाग और शेखावाटी अंचल में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। इससे गर्मी से आंशिक राहत मिलेगी। प्रदेश के श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू जिले में गुरुवार को कहीं-कहीं हल्की बौछारें गिरने की संभावना है। श्रीगंगानगर के लाधूवाला और चूनाव क्षेत्र में सुबह मौसम ने पलटा खाया और कस्बे में तेज हवा संग मेघगर्जन के साथ हुई हल्की बूंदाबांदी ने गर्मी से थोड़ी राहत दिलाई। विक्षोभ के असर से बीते दो दिन में प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में दिन में पारा 40 डिग्री से ज्यादा दर्ज किया गया। दिन में धूप की तपिश और आसमान से बरसते अंगारों से लोग बेहाल हैं।

छितराए बादलों की हो रही आवाजाही के कारण धूप की तपन से लोगों को थोड़ी राहत मिल रही है। पिछले 24 घंटे में फलौदी जिले में अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री रहा, जबकि जैसलमेर 40.2, बाड़मेर 40.5 और जालोर में 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी जयपुर में दिन में पारा सामान्य से 2.1 डिग्री बढ़कर 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने साधा निशाना

# नाइट वाचमैन की भूमिका में प्रताप सिंह

बेधड़क । जयपुर



लोकसभा चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन बुधवार को जयपुर ग्रामीण सीट से भाजपा के उम्मीदवार राव राजेंद्र सिंह ने जयपुर कलेक्ट्रेट में नामांकन भरा। इस दौरान राजस्थान सरकार में खेल एवं युवा मामलों के मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ भी उनके साथ थे।

नामांकन दाखिल करने के बाद राव राजेंद्र ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जिन मुद्दों को लेकर वह जनता के बीच जाएंगे, उन विषयों को जल्द ही मीडिया के सामने रखेंगे।

उन्होंने आगे कहा कि हमारे लिए राष्ट्र हित सर्वोपरि है। लोगों को जनप्रतिनिधियों से बहुत उम्मीदें होती हैं। उसी के अनुरूप सबको साथ लेकर क्षेत्र का विकास करेंगे। इस दौरान राज्यवर्धन सिंह ने जयपुर शहर सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रताप सिंह खाचरियावास पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार क्रिकेट में आखिरी क्षणों में बल्लेबाजी करने के लिए नाइटवॉचमैन को भेजा जाता है, कांग्रेस ने अंतिम समय में खाचरियावास को टिकट देकर चुनावी मैदान में उतारा है। वह अपनी पार्टी के लिए नाइटवॉचमैन की भूमिका निभा रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि देश की जनता ने नीति और नीयत में अंतर पिछले दस साल में देख लिया है। इसलिए, पिछले दो चुनावों की तरह इस बार भी पार्टी राजस्थान की 25 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन देशभर में 400 से अधिक सीटे जीतेगा और केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में तीसरी बार सरकार बनाएंगे। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश का दुनियाभर में डंका बजा है और सुरक्षा मजबूत हुई है।

### शहर व ग्रामीण सीट से कांग्रेस प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

# खाचरियावास ने कहा- आज उनकी आवाज को जनता का साथ चाहिए

बेधड़क । जयपुर



लोकसभा चुनाव में जयपुर शहर सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि संघर्ष के दम पर उन्होंने बड़ी-बड़ी सरकारों को झुकाया है, लेकिन आज उनके इस संघर्ष को जनता की जरूरत है। भाजपा जो हमले कर रही है, उनसे उनकी आवाज कमजोर पड़ रही है।

जिस तरह से भाजपा उन्हें और कांग्रेस पार्टी को घेर रही है, इसमें उनकी आवाज को जनता का साथ चाहिए। उन्होंने कहा कि कभी सिविल लाइंस जाइए और देखिए हर आदमी कहेगा कि मैंने काम किया है। अब काम किया है तो आशीर्वाद कब दोगे। एक बार मार दिया, दोबारा मारोगे तो हम तो मर जाएंगे, लेकिन फिर कोई दूसरा नहीं आएगा। खाचरियावास बुधवार को नामांकन भरने के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे। वे विधानसभा चुनाव की हार को याद कर भावुक हो गए।

उन्होंने नम आंखों और भर्राई हुई आवाज में जनता से चुनावों में सहयोग की मार्मिक अपील की। उन्होंने कहा कि जयपुर की सिविल लाइन विधानसभा क्षेत्र में बड़े-बड़े काम करवाने के बावजूद उन्हें हार का सामना करना पड़ा। प्रताप सिंह बोले, वे जयपुर के बेटे हैं और जनता के लिए संघर्ष करते आए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा प्रताप सिंह खाचरियावास को नामांकन दाखिल करवाने कलेक्ट्रेट पहुंचे। प्रताप सिंह के नामांकन के दौरान विधायक रफीक खान, अमीन कागजी, विधानसभा चुनाव के प्रत्याशी पुष्पेंद्र भारद्वाज, गंगा देवी सहित कई समर्थक और पार्टी कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

### मैंने कहां खून-पसीना नहीं गिराया

प्रताप सिंह ने कहा कि आज अगर उनकी आवाज मरती है तो कल कोई दूसरा तैयार नहीं होगा। अब यह फैसला हो जाएगा कि यह आवाज जिंदा रहेगी कि नहीं। उन्होंने कहा कि उनके सामने जो भी लोग चुनाव लड़ रहे हैं वे उनका सम्मान करते हैं, लेकिन जनता यह बताए कि उनकी आवाज कब सुनाई दी। प्रताप सिंह कहां नहीं पहुंचे और जनता के लिए कहां खून पसीना नहीं गिराया। उन्होंने मार्मिक अपील करते हुए कहा कि यदि उनसे कोई गलती हुई है तो बता दीजिए। सजा भुगत लेंगे।

### ...मां की आंख में आंसू थे

प्रताप सिंह ने जयपुर की जनता से मार्मिक अपील करते हुए कहा कि मैं लोगों से हाथ जोड़कर कहूंगा कि किसी का बेटा हूं, किसी का भाई हूं और किसी का दोस्त हूं। सब माताओं, बहनों और भाइयों से कहूंगा कि मैंने कोई कमी रखी क्या? विधानसभा का परिणाम आया तो मेरी मां की आंख में आंसू थे। क्या गुनाह किया।

### जीतकर कांग्रेस का खाता खोलूंगा: चोपड़ा

जयपुर ग्रामीण सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी अनिल चोपड़ा ने भी अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के बाद अनिल चोपड़ा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जयपुर ग्रामीण की जनता 10 साल से त्रस्त है। भाजपा के शासनकाल में ग्रामीण पिछड़ता रहा है। युवाओं की किसानों की आवाज को बुलंद करने के लिए कांग्रेस के पक्ष में वोट करना होगा। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से इस सीट पर जीतकर कांग्रेस का खाता खोलुंगा।

## जरूरी खबर

### क्यूआर कोड व्यवस्था लागू नहीं, कॉलेजों को नोटिस



**जयपुर।** राज्य सरकार ने मेडिकल कॉलेजों से सम्बद्ध चिकित्सालयों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेन्स आधारित (क्यूआर कोड) साफ-सफाई व्यवस्था लागू नहीं करने पर प्रदेश के 8 मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि चिकित्सा महाविद्यालयों से सम्बद्ध अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दृष्टि से क्यूआर कोड आधारित सफाई व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए गए थे। नियमित निरीक्षणों के बाद भी कुछ चिकित्सालयों में क्यूआर कोड सफाई व्यवस्था लागू नहीं की गई। चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल खान ने बताया कि संबंधित मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### लंगा- मांगणियार जीवंत करेंगे लोक संगीत की परंपरा

**जयपुर।** डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान के साथ वेस्ट जोन कल्चरल सेंटर एवं रामकृष्ण मिशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संगीत कार्यक्रम 'स्तुति, ओड टू म्यूजिकल ट्रेडिशन' गुरुवार शाम 5 बजे रामकृष्ण मिशन मंदिर में आयोजित होगा। जहां प्रदेशभर से ख्याति प्राप्त संगीत कलाकार और संगीत में रुचि रखने वाले लोग हिस्सा लेंगे। इस तरह के आयोजन से लोक कला संस्कृति और संगीत जीवंत होंगे, वहीं इससे लंगा और मांगणियार भजनों के सुर फिर एक बार फिर लोगों के दिलों तक पहुंच सकेंगे। कार्यक्रम में भुंगर खान ग्रुप द्वारा लंगा और मांगणियार गायन शैली में लोक भजनों और सुरीले गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी साथ ही पंडित प्रवीण कुमार आर्या पखावज वादन करेंगे।

राज्य सरकार से आवंटित जमीन पर सीजे एमएम श्रीवास्तव ने किया भूमि पूजन

# खुद के भवन में चलेगा देश का पहला पारिवारिक न्यायालय

बेधड़क | जयपुर

राजधानी में 38 साल से किराए के भवन में चल रहा देश का पहला पारिवारिक न्यायालय अब खुद के भवन में चलेगा। इसके लिए राज्य सरकार की ओर से आवंटित की गई 2700 वर्गमीटर जमीन पर मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव ने बुधवार को भूमि पूजन किया। इस जमीन पर पारिवारिक न्यायालय का नया भवन बनकर तैयार होगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव ने कहा कि आज के समय में लगातार मुकदमों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसे में न्यायालयों की संख्या भी बढ़ रही है। इसलिए जरूरी हो जाता है कि न्यायालयों के पास एक अच्छा भवन हो।



### जल्द ही शुरू किया जाएगा निर्माण कार्य

श्रीवास्तव ने कहा कि आज हमारे लिए एक ऐतिहासिक दिन है। जब भी किसी न्यायालय के लिए भवन निर्माण का कार्य अग्रसर होता है, हमारे लिए यह महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक दिन होता है। उन्होंने कहा कि आप और हम जानते हैं की न्यायिक संरचना के विकास के लिए सतत प्रयत्न करना पड़ता है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मैं इस प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी लेता रहता था। आज हम कम से कम इस स्थिति में पहुंचे है कि हमें भूमि का आवंटन हो चुका है और प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है। हम कोशिश करेंगे कि जल्द ही भवन निर्माण का कार्य शुरू हो सके।

### 1986 से किराए के भवन में हो रहा है पारिवारिक न्यायालय संचालित

पारिवारिक बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डीएस शेखावत के अनुसार साल 1986 से जयपुर का पारिवारिक न्यायालय किराए के भवन में चल रहा है। उन्होंने कहा कि पारिवारिक न्यायालय में 5 कोर्ट्स संचालित हैं, लेकिन जगह की कमी के चलते 4 कोर्ट्स ही संचालित हो रही हैं। कोर्ट नंबर-4 को ही कोर्ट नंबर-5 का चार्ज दिया हुआ है। पारिवारिक न्यायालय को 20 सितंबर 2021 को 2700 वर्गमीटर भूमि आवंटित हुई थी। उसके बाद आरएसआरडीसी के बनाए नक्शों को फरवरी 2023 में हाईकोर्ट ने स्वीकृत किया। वहीं मई 2023 को भवन निर्माण के लिए 19 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई। भूमि पूजन कार्यक्रम में हाईकोर्ट जस्टिस नरेंद्र सिंह ढड्ढा, जस्टिस महेंद्र गोयल, डीजे नंदनी व्यास और पारिवारिक न्यायालय के जज और वकील मौजूद रहे।

मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए तैयारियां शुरू


# अब मच्छर जनित बीमारियों का मुकाबला करेगा 'क्रैश'

बेधड़क | जयपुर

मौसमी बीमारियों से बचाव एवं प्रभावी रोकथाम के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने पूर्व तैयारियां शुरू कर दी हैं। तैयारियों के तहत मच्छर जनित बीमारियों से बचाव एवं रोकथाम के लिए प्रदेश में 1 अप्रैल से क्रैश प्रोग्राम चलाया जाएगा। साथ ही बीमारियों की प्रभावी रोकथाम के लिए संबंधित विभागों में नोडल अधिकारी बनाए जाएंगे एवं स्वास्थ्य निदेशालय में राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम शुरू किया जाएगा।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बुधवार को स्वास्थ्य भवन में मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए आयोजित अन्तर्विभागीय बैठक में इस संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने इस बार डेंगू, मलेरिया सहित अन्य मौसमी बीमारियों का प्रसार ज्यादा होने की आशंका व्यक्त की है। इसे ध्यान में रखते हुए प्रदेश में मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए सभी तैयारियां पुख्ता रूप से की जाएं।

■ चिकित्सा विभाग एक अप्रैल से प्रदेशभर में चलाएगा प्रोग्राम



### नियमित मॉनिटरिंग और साप्ताहिक समीक्षा करें

शुभ्रा सिंह ने निर्देश दिए कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी संबंधित विभाग पूर्ण समन्वय से साथ काम करते हुए अपने-अपने विभाग से संबंधित गतिविधियों को प्रभावी ढंग से अंजाम दें। सभी विभाग चेकलिस्ट बनाकर साप्ताहिक समीक्षा करें तथा डेंगू, मलेरिया, स्क्रब टाइफस, चिकनगुनिया सहित अन्य मौसमी बीमारियों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। जिन क्षेत्रों में केस ज्यादा सामने आएं, वहां विशेष फोकस करते हुए सर्विलेंस, एंटीलार्वा, सोर्स रिडक्शन, स्प्रे आदि गतिविधियां की जाएं। पॉजिटिव केसों की दैनिक रिपोर्टिंग आवश्यक रूप से भारत सरकार के आईएचआईपी पोर्टल पर किया जाना सुनिश्चित करें, ताकि बीमारी के प्रसार को रोकने में आसानी रहे।

### लोगों को करेंगे जागरूक

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि पानी जमाव की स्थिति रोकने के लिए आवश्यकतानुसार एरियल सर्वे भी करवाया जा सकता है। समझाइश के बाद भी अगर पानी जमाव की स्थिति सामने आए तो स्थानीय निकाय विभाग चालान की कार्यवाही करेगा। उन्होंने मानव संसाधन के क्षमता संवर्द्धन, अस्पतालों में जांच, दवा एवं उपचार के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित करने, रेपिड रेस्पांस टीम का गठन करने, केसेज की समय पर लाइन लिस्ट तैयार करने, ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल तैयार करने, हाईरिस्क मरीजों को चिह्नित करने सहित सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को मौसमी बीमारियों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रचार-प्रसार गतिविधियां लगातार की जाएं। ग्राम सभाओं के माध्यम से भी आमजन को जागरूक किया जाए।

### विभागीय नवाचारों से कराया अवगत

बैठक में डेंगू से बचाव के लिए डिफेंस विभाग की ओर से किए गए नवाचारों से अवगत कराया गया। इस पर अतिरिक्त मुख्य सचिव ने डिफेंस विभाग से भी रोकथाम गतिविधियों में सहयोग लिए जाने के निर्देश दिए। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, निदेशक स्थानीय निकाय सुरेश ओला, राजस्थान स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी के सहायक मुख्य कार्यकारी अधिकारी मंयक मनीष, निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर, एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा, आरयूएचएस मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अजीत सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

हेरिटेज नगर निगम में लगाया कैंप

## सफाई कर्मचारियों की समस्याएं सुनी



बेधड़क | जयपुर

हेरिटेज निगम में सफाई कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए बुधवार को समस्या सुनवाई और समाधान शिविर लगाया गया।

शिविर के दौरान आयुक्त अभिषेक सुराणा और उपायुक्त कार्मिक और स्वास्थ्य सुरेंद्र सिंह नरूका ने सफाई कर्मचारियों की समस्या सुनी और मौके पर ही उनके समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान शिविर में करीब 35 सफाई कर्मचारियों ने अपनी समस्या बताई। आयुक्त सुराणा ने बताया कि प्रतिमाह सफाई कर्मचारियों की समस्या के समाधान के लिए शिविर लगाया जाएगा, जिसमें सभी कर्मचारी पंजीयन कराकर अपनी समस्याओं का निस्तारण करवा सकते हैं।

## 25 लाख का यूडी टैक्स वसूला

बेधड़क | जयपुर

ग्रेटर नगर निगम ने बुधवार को नगरीय विकास कर जमा नहीं कराने वाले बकायादारों पर कार्रवाई की। ग्रेटर निगम आयुक्त रुकमणि रियाड़ के निर्देश पर मानसरोवर जोन उपायुक्त सीता वर्मा के नेतृत्व में राजस्व अधिकारी जयश्री इटोदिया और टीम ने कपिल ज्ञानपीठ विद्यालय के संचालक, प्रबंधक को नगरीय विकास कर जमा करवाने के लिए समझाया। इस पर संचालक ने 25 लाख 68 हजार 410 रुपए की राशि मौके पर ही जमा करा दी। उपायुक्त मानसरोवर जोन सीता वर्मा ने बताया कि मानसरोवर जोन ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल नगरीय विकास कर 7 करोड़ 32 लाख 62 हजार 904 रुपए वसूला था। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में मानसरोवर जोन की राजस्व टीम अब तक 11 करोड़ 5 लाख 64 हजार 861 रुपए नगरीय विकास कर वसूल कर चुकी है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

अवैध वसूली के खिलाफ निगम करेगा कार्रवाई

## बिना अनुमति पार्किंग चलाई तो खैर नहीं

बेधड़क | जयपुर

ग्रेटर नगर निगम बिना अनुमति व्यवसायिक पार्किंग संचालित करने वालों पर सख्ती करेगा। इस संबंध में उपायुक्त राजस्व प्रथम जनार्दन शर्मा ने बताया कि कोई बिना नगर निगम की अनुमति के किसी सार्वजनिक स्थलों पर व्यवसायिक पार्किंग संचालित नही कर सकता है और ना ही पार्किंग के नाम पर राशि भी नहीं वसूल सकता है। यदि किसी संवेदक/फर्म नगर निगम जयपुर के नाम से पार्किंग स्थल के लिए फर्जी रसीद छपवाकर आमजन से अवैध वसूली करता पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि ग्रेटर निगम क्षेत्र में कुल 7 पार्किंग स्थल है जिनके संचालन की स्वीकृति संवेदक /फर्म को प्रदान की गई है। इनमें सांगानेरी गेट के बाहर गौरव टावर के चारों तरफ, जीटी सेन्टर के पीछे जेएलएन मार्ग पुलिया के पास, जीटी सेंट्रल के तीनों तरफ, जीटी स्क्वॉयर मॉल के पीछे, नगर निगम ग्रेटर चौपाटी पिंक हर्ट के बाहर जेएलएनमार्ग, रामलीला मैदान और फोर्ट आनंदम के तीनों तरफ पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। इन पार्किंग स्थलों के लिए पार्किंग की राशि प्रथम तीन घंटे साइकिल के लिए 5 रु., मोटर साइकिल के 10 रु., चौपहिया वाहन 20 रु., 3 से 12 घंटे के साइकिल के लिए 5 रु., मोटर साइकिल के 20 रु., चौपहिया वाहन 40 रु., 12 से 24 घंटे के साइकिल के लिए 10 रु., मोटर साइकिल के 30 रु., चौपहिया वाहन 50 रु., मासिक पास के लिए साइकिल के लिए 150 रु., मोटर साइकिल के 400 रु., चौपहिया वाहन 1000 रु. पार्किंग राशि निर्धारित है।

अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर किया मजबूर

## साथी कलाकार ने एक्ट्रेस से किया दुष्कर्म

बेधड़क | जयपुर

आमेर थाना इलाके में शूटिंग के लिए आई एक एक्ट्रेस के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। एक्ट्रेस ने आरोप लगाया कि होटल में रुकने के दौरान साथी एक्टर ने कॉफी में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। फिर बेहोशी की हालत में रेप कर अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रेप किया।

मुंबई पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज किया।



फिर जीरो नंबर एफआईआर आमेर थाने भेजी गई है। आमेर थाना पुलिस मामले की जांच करेगी। इस संबंध में थानाधिकारी अंतिम शर्मा ने बताया कि अंधेरी मुंबई में रहने वाली 34 साल की वेब फिल्म एक्ट्रेस ने मामला दर्ज कराया, जिसमें बताया कि वह साल 2010 से मुंबई में रहकर फिल्मों में काम कर रही है। साल 2019 में मुंबई में काम करते समय शूटिंग के दौरान गौरव सिंह से मुलाकात हुई थी। एक ही प्रोफेशन के कारण बातचीत होने लगी।

पीड़िता ने बताया कि साल 2023 में वेब फिल्म की शूटिंग के लिए जयपुर आई थी। शूटिंग के दौरान कूकस के एक होटल में रुके। दोपहर के समय गौरव सिंह उसके रूम में आया। कॉफी में नशे की गोलियां मिलाकर रेप किया। आरोपी गौरव सिंह ने अपने मोबाइल में उसके साथ रेप करते हुए का वीडियो दिखाया। विरोध करने पर मारपीट कर जबरन रेप किया। थानाधिकारी ने बताया कि मुंबई पुलिस की ओर से भेजी जीरो नंबर एफआईआर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पीड़िता ने साथी एक्टर पर शादी का झांसा देकर रेप की शिकायत की है। बयानों के लिए पीड़िता से कॉन्टैक्ट किया था। जयपुर आने के बाद ही पीड़िता के बयान दर्ज किए जा सकेंगे।

रेलयात्रियों को आवागमन में मिलेगी सुविधा

# रेलवे ने 12 जोड़ी स्पेशल रेल सेवाओं की संचालन अवधि बढ़ाई

बेधड़क | जयपुर

रेलवे की ओर से अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए 12 जोड़ी स्पेशल रेलसेवाओं की संचालन अवधि में विस्तार किया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 09627/09628, अजमेर-सोलापुर-अजमेर स्पेशल साप्ताहिक रेल सेवा की संचालन अवधि में अजमेर से 03 अप्रैल से 26 जून तक एवं सोलापुर से 04 अप्रैल से 27 जून तक, गाड़ी संख्या 04715/04716, बीकानेर-साईनगर शिर्डी -बीकानेर साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा की संचालन अवधि में बीकानेर से 06 अप्रैल से 29जून तक एवं साईनगर शिर्डी से 07 अप्रैल से 30 जून तक, गाड़ी संख्या 09715/09716, हिसार-तिरूपति- हिसार सुपरफास्ट स्पेशल रेल सेवा की संचालन अवधि में हिसार से 06 अप्रैल से 25 मई तक एवं तिरूपति से 09 अप्रैल से 28 मई तक विस्तार किया गया है।




### अभी और चलेंगी ये रेलगाड़ियां

इसी तरह गाड़ी संख्या 09723/09724, जयपुर-बान्द्रा टर्मिनस-जयपुर साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा की संचालन अवधि में जयपुर से 03 अप्रैल से 26 जून तक एवं बान्द्रा टर्मिनस से 04 अप्रैल से 27 जून तक, गाड़ी संख्या 09621/09622, अजमेर-बान्द्रा टर्मिनस-अजमेर साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा की संचालन अवधि में अजमेर से 07 अप्रैल से 30 जून तक एवं बान्द्रा टर्मिनस से 08 अप्रैल से 01 जुलाई तक, गाड़ी संख्या 04711/04712, बीकानेर-बान्द्रा टर्मिनस-बीकानेर साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा की संचालन अवधि में बीकानेर से दिनांक 03 अप्रैल से 26 जून तक एवं बान्द्रा टर्मिनस से 04 अप्रैल से 27 जून तक, गाड़ी संख्या 04705/04706, श्रीगंगानगर-जयपुर-श्रीगंगानगर प्रतिदिन स्पेशल रेल सेवा की संचालन अवधि में 01 अप्रैल से 30 जून तक बढ़ाया गया है।

### इनकी भी अवधि में किया विस्तार

इसके अलावा गाड़ी संख्या 04801/04802, सीकर-जयपुर-सीकर स्पेशल प्रतिदिन रेल सेवा की संचालन अवधि में 01 अप्रैल से 30 जून तक विस्तार, गाड़ी संख्या 09635/09636, जयपुर-रेवाड़ी-जयपुर स्पेशल प्रतिदिन रेल सेवा की संचालन अवधि में 01 अप्रैल से 30 जून तक, गाड़ी संख्या 04853/04854, सीकर-लोहारू-सीकर स्पेशल प्रतिदिन रेल सेवा की संचालन अवधि में 01 अप्रैल से 30 जून तक, गाड़ी संख्या 09639/09640, मदार-रेवाडी-मदार स्पेशल रेल सेवा की संचालन अवधि में 01 अप्रैल से 30 जून तक, गाड़ी संख्या 09733/09734, जयपुर-भिवानी-जयपुर स्पेशल रेल सेवा की संचालन अवधि में 01 अप्रैल से 30 जून तक विस्तार किया गया है।

## जरूरी खबर

### भयमुक्त मतदान के संदेश के साथ निकाला फ्लैग मार्च



**सिरोही।** लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर पुलिस व प्रशासन अलर्ट मोड पर है। आमजन को भय मुक्त, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रेरित करने को लेकर मंगलवार को शहर में जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर शुभम चौधरी व पुलिस अधीक्षक अनिल बेनीवाल के नेतृत्व में पुलिस एवं अर्धसैनिक बल, बीएसएफ की टुकड़ी द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च अहिंसा सर्कल से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों पर निकाला गया। इस दौरान एएसपी प्रभुदयाल धानिया सहित पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे।

### चुनाव कंट्रोल रूम की स्थापना, 24 घंटे हो रहा काम

**जोधपुर।** जिले में लोकसभा चुनाव के लिए कंट्रोल रुम की स्थापना की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) गौरव अग्रवाल के आदेश पर कलेक्ट्रेट परिसर के राजीव गांधी सेवा केंद्र प्रथम तल पर ये कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। लोकसभा चुनाव प्रबंध और मतदाताओं को चुनाव के साथ जोड़ने, अभाव अभियोग का नियमित पंजीकरण व निराकरण और आचार संहिता की पालना के लिए एकीकृत कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। केन्द्रीय कंट्रोल रूम के प्रभारी अधिकारी उपखंड अधिकारी जोधपुर (दक्षिण) महावीर सिंह जोधा और सहायक प्रभारी अधिकारी उपनिदेशक जीपीएफ एंड एसआई डॉ. प्रेम सिंह है।

### वर्चस्व की लड़ाई में भिड़े दो पैंथर, एक की हुई मौत



**खैरथल।** जिले के मुंडावर की पहाड़ी में दो पेंथर आपस में भिड़ गए। वर्चस्व की लड़ाई में एक पैंथर की मौत हो गई। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले कई दिनों से पहाड़ी क्षेत्र में पैंथर दिखाई दे रहे थे। दोनों अपने-अपने एरिया के वर्चस्व को लेकर एक दूसरे पर कई बार हमला कर चुके थे। बुधवार की सुबह एक पैंथर का शव मिलने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। वनपाल सुशीला देवी ने बताया कि दो पैंथरों की आपसी लड़ाई में एक ने दूसरे पैंथर को मार डाला। मुंडावर की पहाड़ियों में एक पैंथर मृत पड़ा मिला।

## मासी नदी के तट पर आयोजित मेले में शामिल होने पहुंचे 100 से अधिक गांवों के श्रद्धालु

# प्राचीन द्वारिकाधीश मंदिर के फूलडोल मेले में उमड़ी आस्था

**बेधड़क** | टोंक

जिले में कठमाणा के निकटवर्ती ग्राम समेलिया गांव में मासी नदी के तट पर करीब 500 साल प्राचीन द्वारिकाधीश मंदिर में आयोजित वार्षिक फूलडोल मेले में भक्तों की आस्था उमड़ी नजर आई।

इस मेले में समेलिया के अलावा टोंक, जयपुर, दूदू, सवाईमाधोपुर जिले सहित आस-पास और दूर-दराज के करीब 100 से अधिक गांवों के श्रद्धालु भगवान द्वारकाधीश का आशीर्वाद लेने पहुंचे। इस मेले को लेकर मान्यता है कि गुजरात राज्य के भेंट द्वारका में धुलंडी के पर्व पर भगवान



द्वारिकाधीश के पट बंद रहते हैं। माना जाता है कि फाल्गुन शुक्ल पक्ष की एकादशी से 7 दिनों के लिए भगवान द्वारिकाधीश द्वारिका धाम से समेलिया धाम पर आकर विराजते है तथा भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। यह मेला लोगों के लिए वर्ष भर की आय का जरिया तथा अध्यात्मिक संस्कृति का केंद्र है। धुलंडी के पर्व पर गुजरात राज्य स्थित तीर्थस्थल भेंट द्वारका में भगवान द्वारिकाधीश के पट दर्शन के लिए बंद रहते हैं, लेकिन धुलंडी पर्व पर समेलिया के द्वारकाधीश मंदिर पर वार्षिक फूलडोल मेला आयोजित होता है। इस दौरान जो पुण्य भेंट द्वारिका में दर्शन करने से मिलता है, वहीं पुण्य समेलिया में भगवान द्वारकाधीश के होली पर्व पर आयोजित होने वाले वार्षिक मेले में दर्शन करने से मिलता है। इसी परंपरा को लेकर यह मेला करीब 500 वर्षों से आयोजित हो रहा है। मेले की पहचान चितौडगढ़ किले के विजयस्तम्भ आकृति की महलमालिया मिठाई है, जिसका भगवान द्वारिकाधीश को भोग लगाया जाता हैं।

### प्रदेश के तीर्थस्थलों में से एक है यह मंदिर

जानकारी के अनुसार इस मंदिर का निर्माण करीब 500 साल पहले यहां के राजा अजित सिंह सोलंकी ने करवाया था। यह मंदिर राजस्थान के प्रमुख तीर्थस्थलों में से एक है। मंदिर का निर्माण 1527 ईस्वी की कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा के दिन गौड़ ब्राह्मणों की मदद से किया गया था। इस मंदिर का निर्माण रथ के आकार में किया गया था। मंदिर की निर्माणशैली भी अपने आप में खास है। मंदिर के शिखरों में सभी धर्मों के शिखर बने हुए हैं। भगवान रणछोड़ को लोग ऋणमुक्ति के लिए पूजते है। यहां होली पर्व की बजाए रंग पंचमी को धुलंडी पर्व मनाया जाता है और रंग-गुलाल से होली खेली जाती है।

### मेले में सजी दुकानों पर खरीदारों का तांता

मेले में आने वाले लोग एक तरफ जहां भगवान द्वारिकाधीश के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त करते हैं वहीं यहां मेला स्थल पर सजी दुकानों पर भी खरीददारी करते हैं। यहां मेले में नदी किनारे से लेकर स्कूल चौराहे तक सैंकड़ों दुकानें सजाई गई हैं। इनमें घरेलू सामान, मिठाइयां, प्रसाद, साज-श्रृंगार, कुटीर उद्योगों में बनने वाले उत्पाद, मनिहारी, रोजमर्रा जरूरत के सामानों सहित अनेक चीजों की दुकानें लोगों को आकर्षित करती है। यहां करीब एक किलोमीटर तक सड़क के दोनों तरफ दुकानें सजाई जाती है।

## डिप्टी सीएम ने बीकानेर में जनसभा को किया संबोधित

# डबल इंजन की सरकार से प्रदेश के विकास को लगेंगे पंख: दीया

**बेधड़क** | बीकानेर

केंद्र की भाजपा सरकार ने दस साल के कार्यकाल में ऐतिहासिक कार्य करवाए हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश आर्थिक रूप से मजबूत हुआ है। वहीं राजस्थान में भाजपा की सरकार बनने के बाद केंद्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाकर देश को तरक्की के पथ पर आगे बढ़ाना है।

ये विचार बुधवार को उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बीकानेर में आयोजित जनसभा में व्यक्त किए। बीकानेर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन राम मेघवाल ने बुधवार को अपना नामांकन दाखिल किया। इसके बाद बीकानेर की रविंद्र रंगमंच की मुख्य सड़क पर जनसभा का आयोजन किया गया।

इसमें उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार ने पिछले 10 सालों में बहुत से ऐतिहासिक काम किए हैं। विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम लोगों को तीसरी बार भाजपा की सरकार बनानी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भाजपा की सरकार बनी है और अब डबल इंजन की सरकार से राजस्थान में और तेज गति से विकास के काम होंगे। उन्होंने कहा कि अब राजस्थान में डबल इंजन की सरकार विकास में कोई कमी नहीं आने देगी। 100 दिन के कार्यकाल में सरकार ने बहुत से ऐसे ऐतिहासिक काम किए हैं, जो पिछले 5 साल में पूरी तरह से राजस्थान में ठप हो गए थे। दीया कुमारी ने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से बीकानेर में बहुत संभावनाएं हैं, यह हजार हवेलियों का शहर है। उन्होंने कहा कि फिलहाल आचार संहिता है इसलिए कोई घोषणा नहीं कर सकते हैं, लेकिन बीकानेर की जनता को यह भरोसा दिलाना चाहती हूं कि बीकानेर में विकास को लेकर बहुत काम होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे।



### घमंडिया गठबंधन में हर दिन हो रही उठापटक: जोशी

जनसभा के दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि एक तरफ विश्व के सर्वमान्य लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी हैं तो दूसरी तरफ घमंडियां गठबंधन है। हर दिन उनमें उठापटक हो रही है। पिछले एक साल में विपक्ष इकाई, नेता, संसद, मंत्री और जनप्रतिनिधि भाजपा में शामिल हो रहे हैं। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के प्रति लोगों का बढ़ते भरोसे का ही कारण है। बीकानेर सांसद अर्जुन मेघवाल के विकास के विजन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हर वक्त नजर आने वाला बीकानेर का सांसद है। यह अपने आप में एक बड़ी बात है।

### कांग्रेस प्रत्याशी पर किया कटाक्ष

अपने संबोधन में अर्जुन राम मेघवाल ने कांग्रेस प्रत्याशी गोविंद राम मेघवाल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह हर बार बीकानेर में 15 सालों में हुए विकास कार्यों को लेकर सवाल करते हैं, लेकिन उन्हें बीकानेर में ग्रीन एक्सप्रेस वे, हाईवे, हाई कोर्ट की वर्चुअल बेंच, लंबी दूरी की ट्रेन, ईएसआई हॉस्पिटल जैसे विकास कार्य नजर नहीं आते हैं। इस दौरान बीकानेर भाजपा की प्रदेश चुनाव सह प्रभारी प्रवेश वर्मा, लोकसभा के प्रभारी और प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, खाद्य आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा सहित बीकानेर के भाजपा विधायक नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान अर्जुन राम ने मंच से 'मोदी फिर आशीर्वाद' गीत सुनाया। उनके साथ सभा में मौजूद लोगों ने भी गीत को गुनगुनाया।

## विधानसभा चुनाव में गिरी थी गाज

# कांग्रेस से निष्कासित तीन नेताओं की पार्टी में वापसी से कार्यकर्ताओं में उत्साह

**बेधड़क** | चाकसू



कस्बे में कांग्रेस के तीन निष्कासित नेताओं की पार्टी में वापसी हो गई है। इसको लेकर कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल नजर आ रहा है। जानकारी अनुसार प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार प्रदेश संगठन मंत्री ललित तूनवाल ने चाकसू ब्लॉक के पूर्व अध्यक्ष गंगाराम मीणा, शहजाद खान व युवा कांग्रेस चाकसू के अध्यक्ष लोकेश कुमार मीणा का पार्टी द्वारा पूर्व में किया गया निष्कासन रद्द कर दिया गया है। इसके साथ ही तीनों नेताओं की पार्टी में वापसी हो गई है।

उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव 2023 के पहले गंगाराम मीणा सहित तीन स्थानीय नेताओं पर कार्रवाई से कार्यकर्ता खासे नाराज थे। पूर्व ब्लॉक कांग्रेस के महामंत्री राधाकिशन चौधरी, युवा नेता सीपी शर्मा सहित चाकसू के कांग्रेस कार्यकर्ताओ की माने तो पूर्व विधायक वेदप्रकाश सोलंकी द्वारा कार्यकर्ताओ की सुनवाई नहीं होने के आरोपो के साथ कांग्रेसजनों की बैठक मिशन-2023 में चुनावी टिप्स के बीच उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं की समस्याएं भी पूछी। इस पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष गंगाराम मीणा ने चुनाव पर्यवेक्षक के समक्ष क्षेत्र में कर्मठ कार्यकर्ताओं की उपेक्षा का मुद्दा उठाया था। उन्होंने अपनी यह बात तेज आवाज में रखी थी। इसके चलते बैठक का माहौल गरमा गया था। विधायक सोलंकी का विरोध करते हुए 'सोलंकी भगाओ-चाकसू बचाओ' के नारों के बीच काले झंडे दिखाकर विधायक की कार्यशैली की जमकर आलोचना की। इसे पार्टी की खिलाफत और बगावती तेवर समझकर बैठक में मौजूद पर्यवेक्षक और प्रभारी ने गंगाराम मीणा सहित तीन नेताओं को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया था। कार्यकर्ताओं का कहना था कि पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गंगाराम मीणा, शहजाद खान नागोरी और विधानसभा चाकसू यूथ अध्यक्ष लोकेश मीणा एक कर्मठ कार्यकर्ता है। बिना उनका पक्ष सुने बगैर सीधे निष्कासित कर देने से क्षेत्र के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं की भावनाएं आहत हुई।

## खनन माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

# खनन मशीनें व विस्फोटक बरामद

**बेधड़क** | धौलपुर

जिले की नादनपुर थाना पुलिस ने बुधवार को खनन क्षेत्र रमधा में माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। अवैध खनन करते हुए हाइड्रा मशीन, क्रेन मशीन के साथ ट्रैक्टर कंप्रेसर को जब्त किया है। इसके अलावा पुलिस ने भारी तादाद में विस्फोटक सामग्री बरामद की।

खनन माफिया जंगलों में कूद कर फरार हो गए। आरोपियों के ठिकानों पर पुलिस दबिश दे रही है। थाना प्रभारी राजेंद्र गिरी ने बताया कि आईजी भरतपुर रेंज राहुल प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा के निर्देश पर जिलेभर में वांछित अपरा



धियों एवं खनन माफियाओं के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ऑपरेशन अरावली अभियान के तहत खनन माफिया के खिलाफ जिला पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि बुधवार को स्थानीय पुलिस को मुखबिर के जरिए गोपनीय सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना क्षेत्र के रमधा खनन एरिया में खनन माफिया अवैध तरीके से पत्थरों की खुदाई कर रहे हैं। सूचना पर पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए हाइड्रा मशीन, क्रेन मशीन, ट्रैक्टर, कंप्रेसर के साथ अन्य मशीनें जब्त की। पुलिस ने 80 डेटोनेटर, लाल बत्ती 350 मीटर,जिलेटिन छड़, 15 गुल्ला समेत भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री जब्त की। पुलिस की कार्रवाई की भनक लगते ही खनन माफिया जंगलों में कूद कर फरार हो गए। आरोपियों के संभावित ठिकानों पर पुलिस दे रही है। उन्होंने बताया अधिकांश खनन माफियाओं को पुलिस ने चिह्नित कर लिया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## शीतलाष्टमी पर 1 अप्रैल को होगी विशेष पूजा-अर्चना

# शील की डूंगरी पर भरेगा मेला, तैयारियां तेज

**बेधड़क** | चाकसू

कस्बे में हर वर्ष शीतलाष्टमी के अवसर पर शील की डूंगरी पर आयोजित शीतला माता मंदिर में लक्खी मेला भरता है। इस बार यह मेला 1 अप्रैल को लगेगा। इसमें पूरे राज्य से लोग माता के दर्शन करने पहुंचेंगे।

राजधानी जयुपर से 40 किलोमीटर दूर और चाकसू कस्बे से 3 किलोमीटर की दूरी पर शील की डूंगरी पर माता का मंदिर स्थित है। इस मेले को लेकर मंदिर ट्रस्ट व प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। बता दें कि इस बार 31 मार्च शाम से मेला लगना शुरू हो जाएगा। शीतला माता मंदिर ट्रस्ट



के महामंत्री लक्ष्मण प्रजापति ने बताया कि शीतलाष्टमी का त्योंहार चैत्र के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। मान्यता है कि शीतलाष्टमी पर व्रत और पूजन संतान की सेहत के लिए किया जाता है। चाकसू में शीतला माता को चेचक और खसरा रोगों से बच्चों को बचाने वाली देवी के रूप में जाना जाता है। माता की पूजा के लिए एक दिन पहले भोजन बना लिया जाता है।

अगले दिन महिलाएं माता शीतला की पूजा कर ठंडे पकवानों भोग लगाती हैं। शीतला माता के मेले के इतिहास की बात जाए तो 1969 (सन 1912) में जयपुर नरेश माधोसिंह के पुत्र गंगासिंह एवं गोपालसिंह को चेचक रोग हुआ था जो कि शीतला माता की कृपा से ठीक हो गया था। इसके बाद राजा माधोसिंह ने शील की डूंगरी पर मंदिर एवं बारहदरी का निर्माण कराया।

बारहदरी में संगमरमर की पट्टिका लगी हुई हैं उस पर लिखा हुआ कि इस मंदिर का निर्माण राव राजेन्द्र महाराजाधिराज सर माधवसिंह ने मिति फाल्गुन सुदी 4 संवत 1969 में करवाया। इस पर 11,102 रुपए का खर्च आया था। स्टेट टाइम तक रात को 12 बजे जयपुर दरबार से कंडवारा भरकर भेजा जाता था। माता को पहला भोग उसी का लगाया जाता था।

## दिनदहाड़े हुई वारदात से फैली दहशत

# बेखौफ दो बदमाशों ने चार मिनट में बैंक से लूटी 10.75 लाख की नकदी

**बेधड़क** | बारां

प्रदेश में विधानसभा चुनाव के बाद भले ही सरकार बदल गई हो, लेकिन अपराध कम होने का नाम नहीं ले रहे। बदमाशों के होसले अब भी बुलंद बने हुए हैं। इसके चलते वे आए दिन किसी बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

बारां जिले में बुधवार को बदमाशों की बेखौफ कारगुजारी सामने आई। बड़े ही शातिराना तरीके से दो बदमाशों ने बैंक लूट की वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार जिले के सीसवाली थाना क्षेत्र के बडगांव स्थित यूको बैंक की शाखा में बुधवार दोपहर बंदूक की नोंक पर दो बदमाश 10 लाख 75 हजार रुपए लूट ले गए। इस दौरान बदमाशों ने हवाई फायर भी किया। बदमाश वारदात को अंजाम देकर मोटरसाइकिल पर सवार होकर फरार हो गए। मात्र चार मिनट में दोनों बदमाशों ने वारदात को अंजाम दे दिया। वहीं वारदात की सूचना मिलने पर बारां पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरी भी घटनास्थल पर पहुंचे और मौका मुआयना किया।

लुटेरों की तलाश में पुलिस ने जिलेभर में नाकाबंदी करवाई गई, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल सका। वारदात के समय बैंक में मैनेजर राकेश कुमार सहित चार कर्मचारी मौजूद थे। उस समय कोई ग्राहक नहीं था। बैंक मैनेजर राकेश कुमार ने बताया कि दोपहर करीब 12 बजे 25 से 30 साल के दो बदमाश देसी कट्टा लेकर बैंक के अंदर घुसे। उन्होंने चेहरे पर सर्जिकल मास्क लगा रखा था।

अंदर आते ही उन्होंने दो हवाई फायर किए। इसके बाद एक बदमाश मैनेजर के कमरे में घुस गया और दूसरा कैश काउंटर पर चला गया।

उस समय बैंक का कर्मचारी अंता से दस लाख रुपए लेकर आया था। एक लुटेरा यह रकम लेने के बाद कर्मचारी को लेकर स्ट्रॉंग रूम में चला गया, वहां रखे करीब 75 हजार रुपए भी उसने ले लिए। रुपए लेने के बाद दोनों बदमाश बाहर आ गए और मोटरसाइकिल पर बैठकर फरार हो गए।




### बैंक मैनेजर के हाथ ऊपर करवाए

पुलिस के अनुसार लुटेरे बैंक से केवल नकदी लेकर गए। बैंक के स्ट्रांग रूम में सोने के अभूषण भी ले, जो लुटने से बच गए। बैंक मैनेजर राकेश कुमार के कक्ष में घुसने के बाद लुटेरे ने बंदूक दिखाकर उसके हाथ ऊपर करवा दिए। लुटेरों में एक युवक ने हल्के नीले रंग की शर्ट पहन रखी थी, जबकि दूसरा युवक सिर पर टोपी लगाए हुए था।

### चौधरी बोले आरोपियों को जल्द करेंगे गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरी ने बताया कि वारदात की सूचना के तत्काल बाद बारां जिले सहित हाइवे और कोटा तक नाकाबंदी कर दी गई। लुटेरे मॉस्क लगाए हुए थे, लेकिन उनकी पूरी हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। एसआईटी समेत कई टीमों का गठन कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है। जल्दी ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**फ्रांस सरकार की ओर से जयपुर में आयोजित होगा 'रीजनल चॉइस फ्रांस टूर-2024'**

# स्टूडेंट्स को मिलेगी फ्रांसीसी इंस्टीट्यूट्स की जानकारी

**बेधड़क** | जयपुर

फ्रांस सरकार की ओर से जयपुर और भुवनेश्वर में 'रीजनल चॉइस फ्रांस टूर-2024' का आयोजन किया जाएगा। भारतीय छात्रों, विशेष रूप से हाई स्कूल स्नातकों को उन्नत अध्ययन के विभिन्न अवसर और फ्रांसीसी संस्थानों में छात्रवृत्ति तक पहुंच प्रदान करने के लिए चॉइस फ्रांस टूर का आयोजन किया जा रहा है। इन शैक्षणिक मेलों का आयोजन इंस्टीट्यूट फ्रेंकेइस एन इंडे (भारत में फ्रेंच इंस्टीट्यूट) द्वारा कैंपस फ्रांस के साथ साझेदारी में किया जा रहा है। चॉइस फ्रांस टूर फ्रांस में उच्च शिक्षा में प्रवेश पाने के इच्छुक अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान करेगा। छात्रों को कैंपस फ्रांस प्रबंधकों के साथ मुफ्त परामर्श सत्र प्रदान किए जाएंगे और फ्रांस में छात्रवृत्ति, वीजा विकल्प और छात्र जीवन के बारे में जानकारी प्राप्त होगी। छात्रों को एक दर्जन से अधिक शीर्ष विश्वविद्यालयों, ग्रांडेस इकोल्स और अन्य निजी संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करने का भी अवसर मिलेगा। साथी विश्वविद्यालय इंस्टीट्यूट फ्रैंकेइस एन इंडे ने निरमा यूनिवर्सिटी अहमदाबाद, एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी पुणे, केआईआईटी यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर और मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर जैसे शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग अनुबंध किया है। फ्रांस अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा के लिए एक शीर्ष गंतव्य है। फ्रांस में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले 2.5 मिलियन छात्रों में से, भारत के कई सहित विदेशी छात्र कुल का लगभग 12% हैं। नवप्रवर्तन और प्रगति पर केंद्रित एक मजबूत अर्थव्यवस्था के रूप में फ्रांस की प्रतिष्ठा विदेशी छात्रों को आकर्षित करती है, साथ ही इसकी प्रसिद्ध जीवन शैली भी छात्रों के लिए आकर्षण का केंद्र है।



### 3500 संस्थानों में से चुनने की आजादी

फ्रांस में उच्च शिक्षा के 3,500 से अधिक सार्वजनिक और निजी संस्थान हैं, जिनमें 72 विश्वविद्यालय, 25 बहु-संस्थान परिसर, 271 डॉक्टरेट स्कूल, 227 इंजीनियरिंग स्कूल, 220 बिजनेस और प्रबंधन स्कूल, कला के 45 पोस्ट-माध्यमिक पब्लिक स्कूल, वास्तुकला के 22 स्कूल शामिल हैं। इनके साथ ही 3000 निजी स्कूल और संस्थान हैं। अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए यहां 1700 से अधिक कार्यक्रम अंग्रेजी में पढ़ाए जाते हैं। इससे पहले चॉइस फ्रांस टूर अहमदाबाद और पुणे में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया था।

## Yuva स्टोरीज

## ड्राइवरों की आंखों की हुई जांच, निशुल्क बांटे हेलमेट




**बेधड़क** | जयपुर

आईआईएस यूनिवर्सिटी व मुस्कान फाउंडेशन की तरफ से यूनिवर्सिटी कैंपस में बाल वाहिनी ड्राइवर्स के लिए रोड सेफ्टी व हेल्थ को लेकर दो दिवसीय आई साइट चेकअप कैंप आयोजित किया गया। इसमें आई चेकअप के साथ- चश्मे भी वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान मुस्कान फाउंडेशन की फाउंडर ट्रस्टी डॉ. मृदुल भसीन व आईआईएस यूनिवर्सिटी की रेक्टर व रजिस्ट्रार डॉ. राखी गुप्ता ने यूनिवर्सिटी के कर्मचारियों को हेलमेट बांटे। एसके फाइनेंस के सहयोग से एसके सुरक्षा शपथ के तहत सपोर्ट स्टाफ को आईएसआई मार्क हेलमेट निःशुल्क वितरित किए गए। गौरतलब है कि अब तक मुस्कान फाउंडेशन ने 750 से अधिक हेलमेट निःशुल्क बांटे हैं। इसके अलावा 20000 से अधिक विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक भी किया है।

पिछले 6 महीनों में 500 से अधिक ड्राइवरों की आंखों की जांच की जा चुकी है, जिसमें राजस्थान रोडवेज, पुलिस मुख्यालय व शैक्षणिक संस्थाओं के ड्राइवर शामिल हैं। अंत में रजिस्ट्रार डॉ. राखी गुप्ता ने सभी आगन्तुकों का आभार जताया।

## लिटरेचर फेस्टिवल मिराकी-2024 आज

**बेधड़क** | जयपुर

आईआईएस यूनिवर्सिटी की ओर से गुरुवार को यूनिवर्सिटी कैंपस में आईआईएसयू लिटरेचर फेस्टिवल मिराकी-2024 आयोजित होगा। इस फेस्टिवल में आईआईएस यूनिवर्सिटी समेत अन्य यूनिवर्सिटी के प्रतिभागी स्टूडेंट्स हिस्सा लेंगे। यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार डॉ.राखी गुप्ता ने बताया कि लिटरेचर फेस्टिवल मिराकी-2024 में लेखक सत्र, कविता, प्रश्नोत्तरी, रचनात्मक लेखन सत्र समेत फिल्म स्क्रीनिंग और व्याख्या जैसे विभिन्न लिटरेचर प्रोग्राम होंगे।

## जिले में आज शुरू होगी आठवीं बोर्ड की परीक्षा



**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर जिले में 8वीं बोर्ड परीक्षा गुरुवार से प्रारंभ होगी। इस परीक्षा की जयपुर जिले में तैयारी पूरी कर ली गई है। जिले के सभी 26 ब्लॉकों के सीबीईओ (मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी) कार्यालयों को पेपर वितरित भी हो चुके हैं। जयपुर में इस परीक्षा में 116893 विद्यार्थी शामिल होंगे। इसके लिए जिले में 734 परीक्षा केंद्र व 50 संग्रहण केंद्र बनाए गए हैं। आठवीं की बोर्ड परीक्षा गुरुवार को अंग्रेजी की परीक्षा के साथ प्रारंभ होगी। इसके बाद 30 मार्च को गणित, 1 अप्रैल को विज्ञान, 2 अप्रैल को सामाजिक विज्ञान, 3 अप्रैल को हिंदी और 4 अप्रैल को तृतीय भाषा की परीक्षा होगी। जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक मुख्यालय के मुताबिक परीक्षा के लिए मालवीय नगर स्थित महात्मा गांधी राजकीय स्कूल में नियंत्रण कक्ष स्थापित कर दिया गया है।

**बढ़ते अभ्यर्थियों पर बोले ईएसी-पीएम संजीव सान्याल**

# अगर प्रशासक ही बनना है तो IAS में लगाएं समय


**बेधड़क** | नई दिल्ली

पिछले कई सालों में सिविल सेवा परीक्षा देने वाले युवाओं की संख्या में भारी बढ़ोतरी हुई है। लेकिन पूरी गंभीरता के साथ एक लक्ष्य बनाकर यह कठिन परीक्षा देने वाले युवाओं की संख्या इसमें काफी कम है। बड़ी संख्या में ऐसे युवा इस परीक्षा में बैठते हैं जो अन्य कामों के साथ यह परीक्षा दे रहे होते हैं या उन्होंने किसी की देखादेखी इस परीक्षा में बैठने को चुना होता है।

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के सदस्य संजीव सान्याल ने कहा है कि लाखों छात्रों द्वारा सिविल सेवा परीक्षा के लिए 5-8 साल की तैयारी 'युवा ऊर्जा की बर्बादी' है। सान्याल ने कहा कि अगर कोई पूरे मन से, पूरी लगन से प्रशासक बनना चाहता है तो ही उसे यूपीएससी या ऐसी अन्य परीक्षाओं का प्रयास करना चाहिए।

सान्याल ने अपने सोशल मीडिया पेज पर कहा कि जैसा कि उल्लेख किया गया है, यूपीएससी या ऐसी अन्य परीक्षाओं का प्रयास करना बिल्कुल ठीक है, लेकिन केवल तभी जब व्यक्ति प्रशासक बनना चाहता हो। समस्या यह है कि लाखों लोग इस परीक्षा को बार-बार करने में 5-8 साल बिता रहे हैं और इसे उन्होंने अपनी जीवन शैली बना लिया है। उन लोगों के लिए एक या दो प्रयास ठीक हैं जो वास्तव में यह रास्ता चाहते हैं, लेकिन इसके लिए अपने पूरे 20 साल खर्च करना...अस्वास्थ्यकर है। गौरतलब है कि यूपीएससी भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के के लिए हर साल तीन चरणों - प्रारंभिक, मुख्य और व्यक्तित्व परीक्षण (साक्षात्कार) में सिविल सेवा परीक्षा आयोजित करता है।





### दूसरी फील्ड में लगाएं एफर्ट्स

अर्थशास्त्री संजीव सान्याल ने कोटा के कोचिंग उद्योग पर भी अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा कि कोटा जैसे शहर में एक पूरा उद्योग सिर्फ एक परीक्षा के लिए समर्पित है, जिसमें एक प्रतिशत से भी कम आवेदक सफल होंगे। और यह हर साल हो रहा है। उन्होंने कहा कि कल्पना कीजिए कि इस बड़े प्रयास को अन्य क्षेत्रों में अगर निर्देशित किया जाए तो कैसे शानदार रिजल्ट्स देखने को मिलेंगे।

## कलाकारों को मिला हुनर का पुरस्कार



**जयपुर।** राजस्थान ललित कला अकादमी की ओर से 43वीं छात्रकला प्रदर्शनी और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन रवीन्द्र मंच परिसर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रशासनिक अधिकारी और वरिष्ठ कलाकार प्रेम सिंह चारण मौजूद रहे।

कार्यक्रम में रवीन्द्र मंच प्रबंधक सोविला माथुर, अकादमी सचिव रजनीश हर्ष और प्रदर्शनी अधिकारी विनय शर्मा मौजूद रहे। इस अवसर पर उन्होंने 10 छात्र कलाकारों को उनकी श्रेष्ठ कृतियों के लिए दस-दस हजार रुपए नकद, स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मान पाने वालों में पूजा यादव, राशि अग्रवाल, अंशुल राठौड़, आकाश जांगिड़, केशव कश्यप, अभय भारी, युवराज सिंह शेखावत, गौतम व्यास, दिव्या राजावत एवं प्रिया मारू थे।

इस प्रदर्शनी के लिए 220 छात्र-छात्राओं की 564 कलाकृतियां प्राप्त हुई थी, जिसमें से 95 छात्र-छात्राओं की 128 कलाकृतियों का चयन किया गया। निर्णायक मंडल के सदस्य में वरिष्ठ कलाकार डॉ. जगमोहन माथोडिया, प्रहलाद शर्मा और मनीष शर्मा थे।

**SKIT में एक्सपर्ट टॉक**

# स्टूडेंट्स ने समझे भौतिक विज्ञान के मूलभूत सिद्धांत



**बेधड़क** | जयपुर

जगतपुरा स्थित स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एंड ग्रामोत्थान में भौतिकी विभाग की ओर से इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिक्स टीचर्स (आरसी-6) के सहयोग से 'सिंपल एक्सपेरिमेंट्स एंड डीप लर्निंग' विषय पर एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में निदेशक, सीआईएसटी, दी आईआईएस यूनिवर्सिटी प्रोफेसर (डॉ.) वाई के विजय ने रदरफोर्ड मॉडल, बोर मॉडल, अल्फा क्षय, चुम्बकीय दोलित्र आदि से संबधित मूलभूत सिद्धांतों को सरल प्रयोगों की सहायता से समझाया। इस अवसर पर चौधरी बंसीलाल यूनिवर्सिटी भिवानी हरियाणा के भौतिक विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. विपिन जैन भी उपस्थित रहे। कॉलेज के फर्स्ट ईयर इंचार्ज रोहित मुखर्जी ने मुख्य वक्ता तथा अन्य प्रतिभागियों का स्वागत किया।

भौतिकी विभाग विभागाध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ.) ब्रजराज शर्मा ने स्टूडेंट वर्कशॉप का महत्त्व बताते हुए इसके सफल आयोजन के लिए समस्त आमंत्रित वक्ताओं तथा आयोजकों को धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम का संचालन भौतिकी विभाग के प्रोफेसर डॉ. रिशी व्यास ने किया। स्टूडेंट वर्कशॉप में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## सूरज बैरवा को PH.D उपाधि

**बेधड़क** | जयपुर



राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर की ओर से सूरज कुमार बैरवा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में अध्ययनरत बैरवा ने अपना शोध कार्य 'समाचार पत्र पाठकों पर डिजिटल मीडिया का प्रभाव (विशेषतः जयपुर के संदर्भ में)' विषय पर किया है। उन्होंने यह शोध कार्य समाजशास्त्र विभाग की सहायक आचार्य डॉ. मोनिका राव के निर्देशन में किया है। बैरवा वर्तमान में राज्य के सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग में जनसम्पर्क अधिकारी (पीआरओ) के पद पर कार्यरत हैं।

**अलर्ट** **आरपीएससी की सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष परीक्षा 31 को**

# पांचवां विकल्प भरने के लिए मिलेंगे एक्स्ट्रा 10 मिनट

**बेधड़क** | अजमेर

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक (कॉलेज शिक्षा विभाग) परीक्षा, 2023 के तहत 13 ऐच्छिक विषयों- लाइब्रेरी साइंस, लॉ, जियोलॉजी, पेंटिंग्स, पंजाबी, म्यूजिक तबला, मिलिट्री साइंस, म्यूजियोलॉजी, म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट (सितार), सिंधी, जैनोलॉजी, गारमेंट प्रोडक्शन एंड एक्सपोर्ट मैनेजमेंट एवं म्यूजिक (वायलिन) की परीक्षा का आयोजन अजमेर जिला मुख्यालय पर 31 मार्च को किया जाएगा। प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक प्रथम प्रश्न पत्र व दोपहर 2:30 बजे से 5:30 बजे तक द्वितीय प्रश्न पत्र की परीक्षा आयोजित होगी। उक्त परीक्षा में प्रत्येक प्रश्न-पत्र में ओएमआर उत्तर पत्रक के पांचवें विकल्प को भरने के लिए 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। आयोग सचिव ने बताया कि परीक्षा के प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट एवं एसएसओ पोर्टल पर गुरुवार को अपलोड किए जाएंगे। प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध एडमिट कार्ड लिंक के माध्यम से आवेदन-पत्र क्रमांक व जन्म दिनांक प्रविष्ठ कर डाउनलोड किए जा सकेंगे।



### एक घंटे पहले तक ही मिलेगा प्रवेश

परीक्षा केन्द्र पर किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के 60 मिनट पूर्व तक ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके पश्चात् किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अतः अभ्यर्थी परीक्षा के दिन परीक्षा प्रारंभ होने के लिए नियत समय से पर्याप्त समय पूर्व परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक रूप से उपस्थित हो जाएं ताकि सुरक्षा जांच एवं पहचान का कार्य समय पर पूर्ण हो सके। देरी से आने पर तलाशी में समय लगने के कारण परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो सकते हैं। अभ्यर्थियों को पहचान के लिए परीक्षा केंद्र पर मूल आधार कार्ड (रंगीन प्रिंट) लेकर उपस्थित होना होगा। यदि मूल आधार कार्ड पर फोटो पुरानी अथवा अस्पष्ट है तो अन्य मूल फोटो युक्त पहचान-पत्र यथा मतदाता पहचान-पत्र, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस जिसमें रंगीन एवं नवीनतम स्पष्ट फोटो हो, लेकर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होवें।

### किसी के बहकावे में ना आएं अभ्यर्थी

आयोग ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे किसी दलाल, मीडिएटर, समाजकंटक या अपराधी के बहकावे में न आएं। यदि कोई परीक्षा में पास कराने के नाम पर रिश्वत की मांग या अन्य कोई प्रलोभन व झांसा देता है तो प्रमाण सहित इस संबंध में जांच एजेंसी एवं आयोग कंट्रोल रूम नंबर 0145-2635200, 2635212 एवं 2635255 पर सूचित करें। परीक्षा में अनुचित साधन अपनाये जाने एवं अनुचित कृत्यों में संलिप्त होने पर राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम, 2022 के तहत आजीवन कारावास, 10 करोड़ रुपए तक के जुर्माने से दण्डित एवं चल अचल संपत्ति कुर्क कर जब्त की जा सकती है।

# टीकाकरण अभियान में अवरोध से बढ़ता है बीमारियों का खतरा



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

लैंसेंट ग्लोबल हेल्थ में हालिया प्रकाशित रिपोर्ट इस मायने में चिंतनीय और महत्वपूर्ण हो जाती है कि विश्वव्यापी टीकाकरण अभियान में अवरोध का असर सामने आने लगा है। दुनिया के देशों के सामने खसरा, हेजा, हेपेटाइटिस सहित 14 से अधिक बीमारियों के फैलने का संकट उभरने लगा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की हालिया रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के देषों में हैजे के कारण मौत का आंकड़ा लगभग दो गुणा हो गया है। तपेदिक नए वेरियंट में आने लगी है, जिसमें लगातार खांसी नहीं होने के कारण तपेदिक का पता लगने तक काफी देरी होने लगी है। दरअसल, कोरोना ने अपने साइड इफेक्ट इस हद तक छोड़ गया है कि उसका असर हमें प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से आने वाले कई सालों तक देखने का मिलेगा। कोरोना के कारण दुनिया के देषों में टीकाकरण अभियान पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। 2019 के अंतिम त्रैमास से 2020 तक कोरोना त्रासदी और उसके बाद कोरोना के नित नए वेरियंट के कारण स्वास्थ्य को लेकर चल रहे विभिन्न अभियानों पर सीधा सीधा असर पड़ा है। मजे की बात यह है कि उसका असर अब दिखाई देने लगा है।

इंपिरियल कॉलेज लंदन के शोधार्थियों ने भारत सहित 112 देशों में किए गए अध्ययन में यह पाया है कि टीकाकरण में कोरोना काल में टीकाकरण अभियान प्रभावित होने के कारण 2030 तक दुनिया के देशों में खसरा सहित 14 बीमारियों के फैलने के कारण अतिरिक्त मौत होगी। एक अनुमान के कारण अकेले खसरे के कारण ही 40 हजार से अधिक जान जाने का अनुमान है। हैजे के कारण होने वाली मौतों के आंकड़ें सामने आए हैं। करीब-करीब दुगनी गति से हैजे के मामले सामने आने लगे हैं। 2023 में सात लाख के करीब मामलें सामने आये हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसीलिए चिंता जताई है। दरअसल, टीकाकरण अभियान प्रभावित होने के लिए किसी को दोष भी नहीं दिया जा सकता। कोरोना 2019 के हालात ही ऐसे थे कि उस समय केवल और केवल कोरोना के संक्रमण को फैलने से रोकने और लोगों की जान बचाना एकमात्र प्राथमिकता रह गई थी। हालात भयावह थे तो न भूतो न भविष्यति के हालात थे। सब कुछ ठहर जाने और दुनिया के किसी भी कोनों में नजर ड़ालों चारों और मौत का तांडव ही दिखाई देता था। सारी दुनिया का ध्यान इस त्रासदी से एक एक जान बचाना बड़ी प्राथमिकता थी। इस दौरान टीकाकरण अभियान तो जोर शोर से चला पर वह अन्य बीमारियों के स्थान पर कोरोना से बचाव के वैक्सीनेशन और उसके पहली और दूसरी डोज पर ही केन्द्रीत रहा। दुनिया के देशों तक कोरोना वैक्सीन पहुंचाना पहली प्राथमिकता रही। कोरोना वैक्सीनेशन के लिए भारत ने सारी दुनिया का नेतृत्व किया। परिणाम सामने हैं। आज कोरोना का आतंक लगभग समाप्त हुआ है। पर करोना के साइड इफेक्ट आज भी सामने हैं। हालांकि कोरोना में मौत को नजदीक से देखने और कोरोना के कारण लाचारगी के बावजूद दुनिया के देशों में जो समझ आनी चाहिए थी वह कोसों दूर है। रुस-यूक्रेन युद्ध, इजराइल-हमास युद्ध, चीन की दादागिरी सहित दुनिया के देशों में संघर्ष, आतंकवादी घटनाएं बहुत कुछ सोचने को मजबूर करती है। हालांकि यहां विचार करना विषयांतर होगा।

> “वैज्ञानिकों की मेहनत का ही परिणाम है कि 1937 से 2021 तक टीकाकरण अभियान का ही परिणाम रहा कि इन जानलेवा बीमारियों पर काफी हद तक अंकुश पाया जा सका। पर अब टीकाकरण अभियान में आए व्यवधान के कारण हालात में थोड़ा बदलाव आया है, जिसे ध्यान में रखते हुए ही आगे बढ़ना होगा। चुनौतियां दो तरह की सामने हैं। एक ओर इन बीमारियों के फैलाव या यों कहें कि संक्रमण को रोकना है तो दूसरी ओर इनसे प्रभावितों के सही इलाज की चुनौती सामने है।”

दरअसल कोरोना काल ही ऐसा था कि उस समय वर्षो से चले आ रहे अभियान लगभग ठहर ही गए थे, बल्कि यों कहा जाए कि उस समय सारी दुनिया का ध्यान सबसे हटकर कोरोना त्रासदी से बचाव की और ही रह गया था। कोरोना प्रोटोकाल और कोरोना वायरस के संक्रमण के तरीके ने ही हिला कर रख दिया था। मास्क, सेनेटाइजर, सोशियल डिस्टेंस उस समय का धर्म था तो अस्पताल तो दूर की बात घर से निकलते भी भय लगता था। ऐसे में टीकाकरण अभियान बाधित होना ही था। इसके साथ ही कोरोना वैक्सीन की और सबका ध्यान होने से अन्य वैक्सीन के उत्पादन और उपलब्धता प्रभावित होना स्वाभाविक था। पर अब जो अध्ययन सामने आया है और जो देखने को मिल रहा है वह चिंतनीय है। खसरा, हैजा, तपेदिक, हैपेटाइटिस बी सहित 14 प्रकार के टीके जो समय पर लगाए जाने आवश्यक होते हैं वह प्रभावित हुए हैं। खसरा और फ्लू के नित नए वैरियंट सामने आ रहे हैं। स्वाइन फ्लू, पैरट फीवर, रुबेला, न्यूमोनिया और न जाने क्या क्या जानलेवा बीमारियां असर दिखाने लगी है। हैजे के दो साल में ही बढ़ते मामलों को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन अपनी चिंता जता चुका है। केवल हैजे के ही 2022 की तुलना में 2023 में करीब 48 प्रतिशत अधिक मामलें सामने आना अत्यधिक चिंता का कारण हैं। लोगों के इम्यूनेशन पावर में कमी आना बेहद चिंतनीय है। मौसम के जरा से बदलाव के साथ ही डॉक्टरों के यहां कतार लग जाना और नित नए वैरियंट में बीमारियां होना अपने आप में गंभीर हो जाता है। चिकित्सा विज्ञान में शोध व अध्ययन कर रहे शोधार्थियों के लिए हालात चिंतनीय होते जा रहे हैं। उल्टा होने यह लगा है कि जो बीमारियां लगभग समाप्ति की और थी उनके नए वैरियंट भी दिखाई देने लगे हैं। तपेदिक इसका जीता जागता उदाहरण है। अब हालात सामने हैं। कोरोना के कारण जो हालात बने उसके लिए किसी को दोष नहीं दिया जा सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

### धरती पर केवल तीन फीसदी ही पानी पीने के योग्य!

# जल संकट: अब चेतने का समय है



ज्ञानेन्द्र रावत
वरिष्ठ पत्रकार व पर्यावरणविद्



देश में अभी गर्मी के मौसम का आगाज ही हुआ है और जल संकट ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। देश का आईटी हब और सिलीकान वैली के नाम से मशहूर शहर बंगलुरू इसका प्रमाण है, जहां के लोग जल संकट से त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। पानी के लिए दर-दर भटक रहे हैं। पानी के एक टैंकर के लिए दो हजार तक देने को तैयार हैं फिर भी वह मयस्सर नहीं है। पानी की बोतलों के लिए मारा-मारी है।

जल संकट के चलते वहां स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। कोचिंग सेंटरों ने आपात स्थिति की घोषणा कर वर्चुअल क्लास लेने को कहा है। कार धुलाई, बागवानी, भवन व सड़क निर्माण आदि पर पाबंदी है और ऐसा करने पर 5000 के जुर्माने की घोषणा की गई है। माल-सिनेमाघरों से पेयजल का इस्तेमाल केवल पीने के लिए ही करने को कहा है। 4997 बोरवैल सूख गए हैं, 136 में से 123 तालुका सूखाग्रस्त घोषित कर दिए गए हैं। लोगों को 15 लीटर प्रति व्यक्ति रोजाना इस्तेमाल की सलाह दी जा रही है। लोग वर्क फ्रॉम होम की मांग कर रहे हैं। वहां संपत्ति खरीदने पर पुनर्विचार कर रहे हैं। 1.4 करोड़ की आबादी में से एक बड़ा वर्ग बंगलुरू छोड़ वैकल्पिक समाधान तलाशने और पलायन को विवश हैं। हालात की भयावहता का सबूत यह है कि राज्य के मुख्यमंत्री आवास में भी टैंकरों से पानी भेजा जा रहा है। असलियत में जलदाय संस्थान और नगर निकाय जलापूर्ति करने में खुद को बेबस पा रहे हैं। गौरतलब है कि अभी तो गर्मी की शुरूआत है, जब अभी बंगलुरू की यह हालत है तो गर्मी में क्या होगी? इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। हकीकत यह है कि पानी के मामले में हमारा देश दुनिया का सबसे समृद्ध देश है।

इसके बावजूद जल संकट की गंभीरता सबसे ज्यादा चिंता का विषय है। यह भी कि यह संकट केवल पानी की कमी तक ही सीमित नहीं है। उसका असर सभी क्षेत्रों के साथ-साथ प्राकृतिक एवं कृत्रिम जलस्रोतों पर भी है। सबसे बड़ी बात और यह कटु सत्य भी है कि इसके अलावा यह जलस्रोतों में दिनोंदिन तेजी से बढ़ता प्रदूषण, घटती क्षमता, जलवायु परिवर्तन का बढ़ता खतरा,जनप्रतिनिधियों, योजनाकारों, कार्यक्रम क्रियान्वयन प्रबंधकों तथा समाज की चिंता का विषय भी है। इसका अहम कारण यह भी है कि यह मनुष्य के जीवन-मरण से जुडा है। इस सच्चाई को दरगुजर नहीं किया जा सकता। देखा जाए तो धरती पर 97 फीसदी जल समुद्र का खारा पानी है। केवल तीन फीसदी ही मीठा पानी है।

यह तीन फीसदी पानी ही हर जीव को जीवनदान देता है। नीति आयोग तक ने यह तथ्य स्वीकार किया है कि आज देश की 60 फीसदी आबादी पीने के पानी से वंचित है। शोध- अध्ययन सबूत हैं कि 13 करोड़ बच्चों को जरूरत भर पानी भी मयस्सर नहीं है। राजधानी दिल्ली सहित गुरूग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद डार्क जोन में हैं। दिल्ली, शिमला, हैदराबाद, जयपुर, इंदौर, अमृतसर, लुधियाना, चेन्नई, गांधीनगर आदि महानगर केपटाउन बनने की ओर अग्रसर हैं। पूरे देश का जायजा लें तो पाते हैं कि देश का कोई भी इलाका जल संकट की मार से अछूता नहीं है। देश का उत्तरी इलाका जो सतही जल के मायने में सबसे ज्यादा संपन्न माना जाता है, वह भी गंभीर जल संकट की चपेट में है। सुदूरवर्ती अंचलों की भी स्थिति भयावह है। गाजियाबाद रैड जोन घोषित हो ही चुका है। उत्तर प्रदेश के महोबा, हमीरपुर, बांदा, झांसी, ललितपुर की स्थिति बेहद चिंतनीय है। बुंदेलखंड में तो कई बार ऐसे मौके आए हैं जबकि लोग पानी के अभाव में घरों में ताले लगाकर रोजी-रोटी की तलाश में पलायन को विवश हुए हैं। महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र, झारखंड, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र-मध्य प्रदेश के सीमांत इलाकों में कई- कई मील चलकर आज भी एक घडा पानी लाने को मजबूर हैं महिलाएं। कहीं-कहीं गड्ढों का पानी पीने को मजबूर हैं लोग।

यहां के कुछ इलाकों में लोग दो शादी इसलिए करते हैं कि एक पत्नी मीलों चलकर पानी लाए और दूसरी घर का कामकाज निपटाए। तेलंगाना की सीमा से सटे महाराष्ट्र के गांववासी पानी के संकट के चलते पलायन को मजबूर हैं। जब बात भूजल दोहन की आती है तो भूजल दोहन के मामले में हमारे देश का दुनिया में 24वां स्थान है और पीने के पानी के मामले में दुनिया के 122 देशों में हमारा देश 120वें पायदान पर है। देश के तीन चौथाई घरों में पीने का साफ पानी उपलब्ध नहीं है। बीते दशकों का जायजा लें तो पाते हैं कि 1960 के बाद से पानी की मांग दोगुणी से भी अधिक हो गयी है। इसमें बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण, औद्योगिक विकास और तेजी से हुए निर्माण कार्यों की अहम भूमिका है। इसके चलते 2050 तक पानी की मांग में 25 फीसदी और अधिक बढोतरी होगी। सबसे खतरनाक स्थिति यह है कि भूजल के अत्याधिक दोहन से पृथ्वी की धुरी खिसक रही है जो खतरनाक संकेत है। इसलिए अब भी समय है। पानी का मोल समझो। पानी का दैनिक जीवन में मितव्यता से इस्तेमाल करो। उसे बर्बाद मत करो। जान लो यह अनमोल है। रतन है। वैज्ञानिक चेतावनी दे रहे हैं कि 2030 तक देश की 40 फीसदी आबादी को भीषण जल संकट का सामना करना पड़ेगा। इसलिए अब जागने का समय है। यदि अब भी हम चूक गए तो आने वाली पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी और तब बहुत देर हो जाएगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> “गाजियाबाद रेड जोन घोषित हो ही चुका है। उत्तर प्रदेश के महोबा, हमीरपुर, बांदा, झांसी, ललितपुर की स्थिति बेहद चिंतनीय है। बुंदेलखंड में तो कई बार ऐसे मौके आए हैं जब लोग पानी के अभाव में घरों में ताले लगाकर रोजी-रोटी की तलाश में पलायन को विवश हुए हैं। महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र, झारखंड, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र-मध्य प्रदेश के सीमांत इलाकों में मीलों चलकर आज भी एक घड़ा पानी लाने को मजबूर हैं।”

**व्यंग्य**

# धौंस की माया अपरम्पार है



दिनेश विजयवर्गीय
व्यंग्यकार

हमारे बीच धौंस एक ऐसी क्षमता वाला शब्द है जिसमें चुप चुप नकारात्मकता भरी पड़ी है। यह अपनी उपयोगिता के चलते ही आज हर व्यक्ति की निजी संपत्ति की तरह बनी रहती है। जब भी अवसर मिला नहीं की व्यक्ति अपने पास के इस तीर को छोड़ देता है।सामने वाला आपके धौंस वाले इस तीर से कितना प्रभावित होता है ,यह उसकी स्वीकार करने की क्षमता पर निर्भर करता है। मां बच्चों को यह कहकर धौंस देती है कि पढ़ने बैठ जाओ वरना देख लेना आ गए तुम्हारे पिता, वह टकरा उनका कोट खूंटी पर। बेचारे पिता की संभावित शेर की दहाड़ की तरह लगने वाली धौंस से डर कर कोने में किताब ले पढ़ने बैठ जाते हैं।

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत एक प्रबुद्ध जन के बच्चे ने अपने पड़ोसी से कहा ‘अंकल! बाहर कचरा मत फैंका करो गंदगी बनी रहती है।’ यह सुनते ही पड़ोसी भी कब चुप रहने वाला था तुरंत पलट कर बोला ‘ तेरे काका जी की धौंस पड़ी है, जो यहां मत डालो।’ बेचारे बच्चे की तो जैसे सिट्टी पिट्टी गुम हो गई।

मैं एक दिन अपने लेखन मित्र के घर गया। कुंडी खटखटाई तो उनका बच्चा आया और बिना कुछ बोले कुंडी खोलकर अंदर चला गया। जिस घर में बच्चों के बीच हाहू धाधूं मची रहती थी, वहां आज पिन ड्रॉप साइलेंस बना हुआ था। मैं सदा की तरह अपने अभ्यस्त कदमों से ऊंची ऊंची सीढ़ी चढ़कर मित्र के पास पहुंचा। उन्होंने लिखते हुए ही मुझे देख मुस्कुराकर स्वागत किया। बोले एक दैनिक पत्र के लिए समसामयिक व्यंग्य लिख रहा हूं। अभी आधा ही लिख पाया हूं। बहुत दिनों से एक विचार मन में बादलों की तरह उमड़ घुमड़ रहा था, अब जाकर पकड़ में आया है। आज रविवार होने से कुछ एकांत भरा शांतिपूर्ण समय मिला तो बस उसी का उपयोग कर रहा हूं। घर को माथे पर चढ़ाने वाले बच्चों को अभी आधा घंटा पहले ही धौंस के तीखे पन से चुप किया है।’ किराने की दुकान पर उधारी से माल लेते रहने की अपनी सुविधा होती है। तत्काल नकद देने की मजबूरी नहीं होती। जब एक बार मैं दुकान पर सामान लेने पहुंचा तो दुकानदार एक ग्राहक को धौंस देरहा था ।वह ग्राहक को तीन हजार के लिए पिछले माह से तकाजा कर रहा था। अगर एक सप्ताह में नहीं चुकाया तो कोर्ट कचहरी के लिए तैयार रहना। ऐसी धौंस देकर वह ग्राहक की प्रतिष्ठा की पगड़ी उछाल रहा था।

ग्राहक बोला कल ही बहुत कुछ देने का प्रयास करूंगा। मेरी भी पिछले दो माह से उधरी नहीं चुक पारही थी। मुझे लगा कि कहीं वह मुझसे भी कुछ ना बोल दे। हुआ वही, जिसका मुझे डर था। बोला ‘भाई साहब दो माह हो गए, ऐसा नहीं चलेगा। आज तो ले जाओ पर अब मेरे लिए उधार देना मुश्किल होगा।’ उसने अपनी धौंस में मीठा पान घोलते हुए कहा। मैं कल्पना नहीं कर पा रहा था कि ऐसा रात दिन मेल मिलाप वाला दुकानदार दो माह में ही अपनी आंखें बदल कर धौंस देने लगेगा। आज पुरुषों की धौंस धपट के चलते ही महिलाओं के लिए सशक्तीकरण का ताना-बाना बुना जा रहा है। धौंस का नकारात्मक उपयोग आमजन ही नहीं करता अपितु सरकार प्रशासन भी इसी धौंस के आदेश के सहारे अपने अधिकारियों को कर्मचारियों पर नियंत्रण बनाए रखते हैं। अब देखा ने आपने कि धौंस हर व्यक्ति का एक ऐसा हथियार है, जिसका उपयोग हर कोई अपनी सुविधा से कर सुखी होकर जीने लगता है। सचमुच धौंस की माया अपरम्पार है।

### नॉलेज कॉर्नर: ये हैं दुनिया के पांच सबसे लंबे ब्रिज

# अद्भुत इंजीनियरिंग का नमूना 164KM का ब्रिज

अमेरिका के बाल्टीमोर शहर का फ्रांसिस स्कॉट ब्रिज एक कंटेनर शिप टकराने के कारण टूटने के बाद चर्चा में है। यह ऐतिहासिक ब्रिज बाल्टीमोर बेल्टवे के नाम से जाना जाता है और 1977 में पब्लिक के लिए खोला गया था। इस ब्रिज के अलावा दुनिया में कुछ ऐसे ब्रिज हैं जो अपनी लंबाई के कारण उम्दा इंजीनियरिंग का बेंचमार्क बने हुए हैं। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तृत जानते हैं दुनिया के इन पांच सबसे लंबे ब्रिजों के बारे में...

#### 1. दनयांग-कुनशान ग्रांड ब्रिज

**लंबाई: 102 मील (164.15 Km)**
यह दुनिया का सबसे लंबा ब्रिज है जो चीन में है। दनयांग-कुशान ग्रैंड ब्रिज ने जून 2011 के बाद दुनिया में सबसे लंबे पुल का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड (Guinness World Record) बनाया था। यह ब्रिज बीजिंग-शंघाई हाई स्पीड रेलवे का हिस्सा है।



#### 2. चेंग्हुआ-काओशुंग विडक्ट

**लंबाई: 97.8 मील (157.39 Km)**
ताइवान में चंगुआ-काओशुंग विडक्ट ब्रिज को दुनिया का दूसरा सबसे लंबा ब्रिज माना जाता है। यह ताइवान के चांगुआ काउंटी में बगुआशान से लेकर दक्षिणी ताइवान के जुओयिंग जिले तक फैला है।

#### 3. कैंडे ग्रैंड ब्रिज

**लंबाई: 72 मील (115.87 Km)**
चीन के कैंडे ग्रैंड ब्रिज को बीजिंग-शंघाई हाई स्पीड रेलवे का दुनिया का तीसरा सबसे लंबा पुल माना जाता है। ये 2010 में बना था जो भूकंप का झटका भी झेल सकता है।

#### 4. तियानजिन ग्रैंड ब्रिज

**लंबाई: 70.6 मील (113.61 Km)**
दुनिया में यह ब्रिज चौथा सबसे बड़ा पुल है। इस पुल का श्रेय भी चीन को ही जाता है। उत्तरी चीन में हेबै प्रांत के लैंगफैंग और किंग्क्सी काउंटी के बीच स्थित इस ब्रिज का निर्माण 2011 में हुआ था।

#### 5. विनान विहे ग्रांड ब्रिज

*लंबाई : 49.5 मील (79.66 Km)। यह पुल झेंग्झौ-शीआन हाई स्पीड रेलवे (Zhengzhou–Xi’an high speed railway) का हिस्सा है, जिसका काम 2008 में पूरा हुआ था। यह चीन के पूर्व मध्य और उत्तर-पश्चिमी शहरों को जोड़ता है।*

कंटेंट: नरेंद्र शर्मा

**X**



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
आज जयपुर लोकसभा भाजपा प्रत्याशी श्रीमती मंजू शर्मा जी की नामांकन जनसभा को संबोधित किया। मुझे पूर्ण विश्वास है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सक्षम नेतृत्व व कर्मठ कार्यकर्ताओं की मेहनत के साथ गुलाबी नगरी में ‘राष्ट्रवाद व सुशासन’ का कमल खिलेगा। जय भाजपा, विजयी भाजपा!!



**गोविंद सिंह डोटासरा,** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष
@GovindDotasra
कांग्रेस प्रत्याशी श्री राहुल कस्वा जी की विशाल नामांकन सभा को राजस्थान प्रभारी श्री सुखविंदर जी और पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत जी के साथ संबोधित किया।

**बिहार की सियासत में उलटबांसी:** राजद प्रमुख लालू यादव की सियासी चाल में फंसी कांग्रेस के नए साथी की आकांक्षा

## बीमा भारती पूर्णिया से लड़ेंगी चुनाव, पप्पू यादव की दावेदारी पर ग्रहण

**एजेंसी** | पटना

बिहार की सियासत में लोकसभा चुनाव से पहले कई उलटबांसी जारी हैं। कुछ दिन पहले जनता दल यू से इस्तीफा देकर राजद में शामिल हुई बीमा भारती ने बुधवार को पूर्णिया से लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की।

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने बीमा को पार्टी का सिंबल प्रदान किया। बाद में बीमा भारती ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वो तीन अप्रैल को नामांकन दाखिल करेंगी। बीमा भारती के राजद उम्मीदवार बनने से पूर्व सांसद





पप्पू यादव को तगड़ा झटका लगा है। गत दिनों कांग्रेस में शामिल हुए पप्पू यादव ने पूर्णिया सीट से चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। पूर्णिया के रूपौली से विधायक बीमा भारती ने जदयू के टिकट पर चुनाव जीता था। वह चार दिन पहले ही राजद में शामिल हुई थी। बीमा भारती ने कहा कि कांग्रेस, राजद, वामदल सभी उनके साथ हैं।

पूर्णिया की जनता ने मुझे चुनाव लड़ने का आशीर्वाद दिया है। उन्होंने दावा किया कि वो यह सीट भारी अंतर से जीतेंगी। पूर्णिया सीट से पप्पू यादव की दावेदारी पर बीमा भारती ने सिर्फ इतना ही कहा कि उन्हें पप्पू यादव और उनकी पार्टी का पूरा समर्थन मिलेगा। पप्पू यादव मेरे अभिभावक हैं।

### यह कहा था पप्पू यादव ने

- दुनिया छोड़ देंगे, पूर्णिया नहीं छोड़ेंगे

### यह बोलीं बीमा भारती

- पप्पू यादव मेरे अभिभावक, मिलेगा समर्थन

### पप्पू यादव को सुपौल सीट से मिल सकती है पेशकश

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार बीमा भारती के पूर्णिया से चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद पप्पू यादव के लिए राजद-कांग्रेस के नेता कोई रास्ता निकाल सकते है। राजनीतिक क्षेत्रों चर्चा है कि पप्पू यादव को पूर्णिया और मधेपुरा के बजाए इस बार सुपौल संसदीय सीट से चुनाव लड़ने की पेशकश की जा सकती है। हालांकि इस बात को लेकर संशय है कि पप्पू यादव इसके लिए तैयार होंगे या नहीं क्योंकि वह पहले ही कह चुके हैं कि वो दुनिया छोड़ देंगे,पूर्णिया नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा सर्वोपरि है। निर्णय कभी नहीं बदलता। अब गठबंधन के शीर्ष नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और लालू प्रसाद यादव को निर्णय लेना हैं।

### जदयू के संतोष कुमार हैं राजग प्रत्याशी

दूसरी तरफ राजद में सीटों के बंटवारे के तहत पूर्णिया सीट भाजपा ने जदयू के लिए छोड़ दी है। जदयू की ओर से पूर्णिया से संतोष कुमार को प्रत्याशी बनाने का ऐलान दिया गया है। इसके अलावा मधेपुरा और सुपौल सीट भी जेडीयू के ही खाते में आई है। सुपौल से जदयू ने दिलेश्वर कामैत को और मधेपुरा से दिनेश चंद्र यादव को उम्मीदवार बनाने की घोषणा की गई है।

### TMC नेता महुआ मोइत्रा को ED का एक और समन



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन मामले में टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा को फिर समन भेजा है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने महुआ को 28 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है। इससे पहले 19 मार्च को उन्हें ईडी द्वारा समन भेजा गया था। ईडी के सामने पेश ना होने पर ये समन जारी किया गया था। बता दें कि महुआ ने ईडी को चिट्ठी लिखकर पेशी से मोहलत मांगी थी। ईडी फेमा के प्रावधानों के तहत महुआ का बयान दर्ज करना चाहती है। महुआ के खिलाफ एनआरई खाते से जुड़े लेनदेन की जांच की जा रही है। इसके अलावा विदेश में पैसे भेजने के कुछ अन्य मामलों की भी जांच की जा रही है। गौरतलब है कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने महुआ पर कई आरोप लगाए थे। निशिकांत ने कहा था कि महुआ ने कारोबारी हीरानंदानी से महंगे गिफ्ट और पैसे लेकर अदाणी समूह और प्रधानमंत्री मोदी को निशाना बनाने के लिए लोकसभा में सवाल पूछा था।

### अरुणाचल कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष होंगे तारा

**नई दिल्ली।** तेची टैगी तारा को अरुणाचल प्रदेश कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल एक पत्र में यह जानकारी दी है। वहीं, कांग्रेस ने वी शंकर और मनोज चौहान को आंध्र प्रदेश के लिए पार्टी का चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। आंध्र प्रदेश में 13 मई को केवल एक चरण में 25 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव होंगे।

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह** ने किया खुलासा


## J&Kमें सितंबर से पहले चुनाव अफस्पा वापस लेने पर विचार

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर से सशस्त्र बल (विशेष अधिकार) अधिनियम (अफस्पा)को वापस लेने पर विचार करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सितंबर से पहले जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव होंगे। सूत्रों के अनुसार यदि जम्मू कश्मीर के विभिन्न इलाकों से सेना की वापसी होती है, तो उसकी जगह देश का सबसे बड़ा केंद्रीय अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ ले सकता है।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार शाह ने एक मीडिया समूह के साथ साक्षात्कार में कहा कि सरकार की योजना केंद्र शासित प्रदेश से सैनिकों को वापस बुलाने और कानून व्यवस्था को अकेले जम्मू-कश्मीर पुलिस पर छोड़ने की है। पहले, जम्मू-कश्मीर पुलिस पर भरोसा नहीं किया जाता था, लेकिन आज वे अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र को स्थापित करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वादा है और इसे पूरा किया जाएगा। हालांकि यह लोकतंत्र केवल तीन परिवारों तक सीमित नहीं रहेगा और यह लोगों का लोकतंत्र होगा।



### एससी, एसटी व ओबीसी को दिया आरक्षण

अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को लेकर पूछे गए सवाल पर शाह ने कहा कि पहली बार, जम्मू-कश्मीर के ओबीसी को मोदी सरकार ने आरक्षण दिया है और महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण दिया गया है। पंचायत और शहरी स्थानीय निकायों में ओबीसी आरक्षण दिया गया। हमने एससी और एसटी के लिए जगह बनाई है। गुज्जर और बकरवालों की हिस्सेदारी कम किए बिना, पहाड़ियों को 10 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से विस्थापित लोगों को समायोजित करने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। केंद्र यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि ये लाभ जमीनी स्तर तक पहुंचे। शाह ने दावा किया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के नेता फारूक अब्दुल्ला और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने आरक्षण के इन प्रावधानों को लेकर कटुता पैदा करने की पूरी कोशिश की लेकिन लोग अब उनके इरादों को समझ गए हैं।

### क्या है अफस्पा

इस कानून के तहत सेना किसी भी व्यक्ति को बिना वारंट के हिरासत में लेकर उसे अनिश्चित काल तक कैद में रख सकती है। सशस्त्र बलों के संचालन को सुविधाजनक बनाने के लिए अफस्पा के तहत किसी क्षेत्र या जिले को अशांत घोषित किया जाता है।

### यह बोले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

- जम्मू-कश्मीर से सेना को वापस बुला लिया जाएगा।
- कानून व्यवस्था को जम्मू-कश्मीर पुलिस के हवाले किया जाएगा।
- जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र को स्थापित करना पीएम मोदी का वादा, इसे पूरा किया जाएगा।

### वर्तमान में क्या

- सेना की राष्ट्रीय राइफल्स की अगुवाई में चलता है आतंकियों के खिलाफ अभियान
- सीआरपीएफ और जम्मू कश्मीर पुलिस भी रहती है साथ

### सेना की वापसी पर क्या

- सीआरपीएफ संभाल सकती है सेना की जगह मोर्चा

### क्या है योजना

- सूत्रों के अनुसार लगभग दो वर्ष से केंद्र और जम्मू-कश्मीर प्रशासन, इस बात पर विचार कर रहा था कि सेना के जवानों की संख्या में चरणबद्ध तरीके से कमी लाई जाए। घाटी और दूसरे हिस्सों में आतंकी हमलों में कमी आई।

### पीओके भारत का अभिन्न अंग

शाह ने यह भी स्पष्ट किया कि भाजपा और पूरी संसद का मानना है कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) भारत का अभिन्न अंग है। शाह ने जम्मू-कश्मीर के युवाओं से पाकिस्तान की साजिशों से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, आज पाकिस्तान भूख और गरीबी की मार से त्रस्त है और वहां के लोग भी कश्मीर को स्वर्ग के रूप में देखते हैं। मैं सभी को बताना चाहता हूं कि अगर कोई कश्मीर को बचा सकता है, तो वह प्रधानमंत्री मोदी हैं।

**पंजाब में आप को दोहरा झटका**

## सांसद रिंकू व MLA अंगुराल भाजपा में शामिल

**एजेंसी** | चंडीगढ़

पंजाब में आम आदमी पार्टी को बुधवार को जबरदस्त झटका लगा। पार्टी के इकलौते सांसद सुशील कुमार रिंकू भाजपा में शामिल हो गए हैं। रिंकू को पार्टी जालंधर से टिकट दे चुकी थी। उनके साथ ही जालंधर वेस्ट से आप विधायक शीतल अंगुराल भी भाजपा में शामिल हो गए हैं। इससे पहले शीतल अंगुराल ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। सूत्रों के अनुसार रिंकू के अब भाजपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ने की संभावना है।

भाजपा में शामिल होने के बाद रिंकू ने कहा कि यह सच है कि मैंने जालंधर के लोगों से जो वादे किए थे, वे पूरे नहीं हुए क्योंकि मेरी पार्टी (आप) ने मेरा समर्थन नहीं किया। मैं पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की कार्यशैली से प्रभावित हूं। दोनों नेताओं के भाजपा में जाने की अफवाहें काफी दिनों से चल रही थी। लेकिन तब सांसद रिंकू ने स्पष्ट किया था कि आम आदमी पार्टी के साथ हमेशा उनकी वफादारी रहेगी और वह कहीं नहीं जा रहे। इसी तरह अंगुराल ने भी सोशल मीडिया पर कहा था कि ये सभी बातें निराधार हैं। रिंकू पिछले साल जालंधर उपचुनाव जीतकर



### आप नेताओं ने लगाए गंभीर आरोप

आप विधायक राजिंदर पाल कौर और जगदीप कंबोज ने आरोप लगाया कि भाजपा ने पार्टी में शामिल होने के लिए ऑफर दिया है। करोड़ों रुपए के साथ ही पार्टी में अहम पद देने की भी बात कही गई है।

सांसद बने थे। वह लोकसभा में आप के एकमात्र सांसद हैं। रिंकू पहले कांग्रेस में थे। 27 अप्रैल, 2023 को वे आप में शामिल हो गए थे और एक दिन बाद उन्हें जालंधर संसदीय क्षेत्र से आप का उम्मीदवार घोषित किया गया था।

**शशि थरूर का माकपा पर आरोप**

## चुनावी लाभ के लिए CAA का उपयोग

**एजेंसी** | तिरुअनंतपुरम

कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य और तिरुअनंतपुरम से सांसद शशि थरूने मंगलवार को आरोप लगाया कि केरल में सत्तारूढ़ माकपा चुनावी लाभ पाने के लिए सीएए का उपयोग कर रही है।

पार्टी ने कहा कि वह इस 'झूठ' पर मुस्लिम मतदाताओं को कांग्रेस से अलग करने की कोशिश कर रही है कि कांग्रेस ने विवादास्पद कानून का विरोध नहीं किया था। शशि थरूर ने कहा कि केरल में वाम मोर्चा नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के विरोध के संबंध में कांग्रेस



की भूमिका पर झूठ फैला रहा है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में सबसे कम योगदान देने वाली कम्युनिस्ट पार्टी आज सबसे अपमानजनक तरीके से राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रहे हैं। इसी प्रकार राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी सतीशन ने भी मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन पर राजनीतिक लाभ के लिए सीएए का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया।

सतीशन ने कहा कि सीएए के खिलाफ कांग्रेस के नेता राहुल गांधी विभिन्न मंचों से विरोध दर्ज करा चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अल्पसंख्यकों विशेषकर मुस्लिमों का वोट प्राप्त करने के लिए मुख्यमंत्री पिनराई विजयन झूठ बोल रहे हैं।

**आपत्तिजनक टिप्पणियों पर चुनाव आयोग सख्त,** किया नोटिस जारी

## सुप्रिया व घोष से कल शाम तक मांगा जवाब

**बेधड़क** | नई दिल्ली

कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत और भाजपा सांसद दिलीप घोष को चुनाव आयोग ने नोटिस जारी किया है।

आयोग ने दिलीप घोष को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर आपत्तिजनक टिप्पणी और सुप्रिया श्रीनेत को भाजपा की लोकसभा उम्मीदवार कंगना रनौत के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही आयोग ने दोनों नेताओं से इस नोटिस पर 29 मार्च 2024 शाम 5 बजे तक जवाब



देने को भी कहा है। चुनाव आयोग ने कहा कि उनकी टिप्पणियां अशोभनीय और खराब थीं।

चुनाव पैनल ने कहा कि प्रथम दृष्ट्या, दोनों टिप्पणियां आदर्श आचार संहिता और चुनाव प्रचार के दौरान राजनीतिक दलों को गरिमा बनाए रखने की सलाह का उल्लंघन थीं।

### यह था मामला

भाजपा ने कंगना रनौत को हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से अपना प्रत्याशी घोषित किया है। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कंगना की एक तस्वीर के साथ सोशल मीडिया पर एक आपत्तिजनक पोस्ट साझा की थी। पोस्ट को लेकर बवाल मचा तो श्रीनेत ने पोस्ट हटा ली और दावा किया कि उनके इंस्टा के अकाउंट पर कई लोगों का एक्सेस है। वहीं, भाजपा सांसद दिलीप घोष के एक वीडियो क्लिप में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का मजाक उड़ाते हुए विवादित टिप्पणी की गई थी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने घोष को नोटिस जारी करके स्पष्टीकरण मांगा है। वहीं, घोष ने भी मांफी मांग ली है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने रानौत पर आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर मंगलवार को चुनाव आयोग से शिकायत दर्ज कराई और तत्काल कार्रवाई की मांग की थी। साथ ही इसे महिला सम्मान और गरिमा के विरुद्ध बताया था।

**महाराष्ट्र: चुनावी चौसर पर उम्मीदवारों का ऐलान**

## BJP का निर्दलीय सांसद नवनीत राणा पर दांव, अमरावती से दी टिकट

**एजेंसी** | मुंबई

लोकसभा चुनाव को लेकर महाराष्ट्र में सियासी घमासान जारी है। राज्य में सत्तारूढ़ राजग यानी महायुति और विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी में शामिल दल अपने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर रहे हैं। भाजपा ने अब तक 23 सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। भाजपा ने शनिवार को जारी सातवीं सूची में महाराष्ट्र की अमरावती सीट से नवनीत राणा को अपना उम्मीदवार बनाया है। नवनीत वर्तमान में इसी



सीट से सांसद हैं। मॉडल और अभिनेत्री नवनीत राणा ने 2019 में कांग्रेस-एनसीपी (तब अविभाजित थी) समर्थन के चलते इसी सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीत हासिल की थी, लेकिन इसके बाद उन्होंने अपनी हिंदूवादी छवि को मजबूत किया और भाजपा का समर्थन करने लगी थीं। जिससे उन्हें अमरावती से भाजपा के बड़े दावेदार के तौर पर देखा जा रहा था। लेकिन स्थानीय कार्यकर्ता उन्हें बाहरी उम्मीदवार बताकर उनका लगातार विरोध कर रहे थे। लेकिन बुधवार को घोषित भाजपा की सातवीं सूची में पार्टी ने उन्हें अमरावती की सुरक्षित सीट से पार्टी का उम्मीदवार घोषित कर दिया। भाजपा ने बुधवार को कर्नाटक की चित्रदुर्ग सीट से गोविंद करजोल को टिकट दिया है।

### शिवसेना (यूबीटी) व कांग्रेस में रार

शिवसेना यूबीटी ने भी 17 उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। वहीं, कांग्रेस ने सात उम्मीदवार घोषित किए हैं। लेकिन दोनों पार्टियों के बीच सीटों की दावेदारी को लेकर रार जारी है। उद्धव गुट के नेता अनिल देसाई ने कहा कि पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने दक्षिण मध्य मुंबई निर्वाचन क्षेत्र के लिए पार्टी के उम्मीदवार के रूप में मेरा नाम घोषित किया है। वहीं, कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने कहा कि हम उद्धव गुट के एकतरफा फैसला का विरोध करते हैं। निरुपम ने कहा कि बुधवार को शिवसेना यूबीटी ने मुंबई की चार सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की। उन्होंने एक सीट कांग्रेस के लिए छोड़ी है। इस तरह के फैसले का विरोध करता हूं। मैं शिवसेना (यूबीटी) का भी विरोध करता हूं। कांग्रेस नेतृत्व ने शिवसेना के साथ बातचीत की। उत्तर पश्चिम मुंबई में शिवसेना (यूबीटी) ने जो उम्मीदवार खड़ा किया है, उन पर भ्रष्टाचारा के आरोप है। मैं ऐसे लोगों का प्रचार नहीं करूंगा।

### शिंदे व अजित गुट के प्रत्याशियों की घोषणा का इंतजार

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री अजित पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने अभी कोई उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की तरफ से अभी कोई सूची नहीं आई है। एआईएमआईएम ने महाराष्ट्र में अपने इकलौते सांसद इम्तियाज जलील को औरंगाबाद से फिर से चुनाव मैदान में उतारा है। महाराष्ट्र के लिए घोषित लोकसभा उम्मीदवारों में अभी तक नितिन गडकरी, पीयूष गोयल और शाहू महराज छत्रपति के नाम प्रमुख हैं।

### वीबीए को पांच सीटों की पेशकश की थी: संजय राउत

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने बुधवार को कहा कि महाविकास अघाड़ी (एमवीए) ने अंतिम क्षण तक प्रकाश आंबेडकर के नेतृत्व वाली वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) का इंतजार किया। राउत ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उनकी पार्टी की अब भी राय है कि वीबीए के साथ बातचीत की जा सकती है। हमने वीबीए को अकोला सहित पांच सीट की पेशकश की थी। हमारी अब भी राय है कि उनसे बातचीत की जा सकती है। सीट की संख्या पांच से बढ़ सकती है। दरअसल उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) ने बुधवार को राज्य में आगामी लोकसभा चुनावों के लिए 17 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की और कहा कि वह राज्य में कुल 22 सीट पर चुनाव लड़ेगी।

## जरूरी खबर

### ज्योतिरादित्य के सामने कांग्रेस ने यादवेंद्र को उतारा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की आठवीं सूची जारी की है। इसमें चार राज्यों की 14 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया गया है। इसमें गुना में ज्योतिरादित्य सिंधिया के सामने राव यादवेंद्र सिंह को टिकट दिया गया है। इस सूची में उत्तर प्रदेश और तेलंगाना की चार-चार, मध्य प्रदेश और झारखंड की तीन-तीन लोकसभा सीटें शामिल हैं। कांग्रेस ने मध्य प्रदेश में गुना से राव यादवेंद्र सिंह, दामोह से तारवीर सिंह लोधी, विदिशा से प्रताप भानु शर्मा, झारखंड में खुंटी से कालीचरण मुंडा, लोहरदगा से सुखदेव भगत, हजारीबाग सीट से जय प्रकाशभाई पटेल को उम्मीदवार बनाया है।

### भारत-अमेरिका के बीच तीनों सेनाओं का संयुक्त अभ्यास



**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच तीनों सेनाओं का संयुक्त सैन्य अभ्यास हो रहा है। इसका मकसद युद्ध कौशल निखारना और जटिल चुनौतियों से निपटने के प्रभावी तरीके विकसित करना है। अभ्यास में शामिल भारतीय सेना के बटालियन समूह में 700 से अधिक कर्मी शामिल हैं। सूत्रों ने बुधवार को बताया कि भारत और अमेरिका के बीच चल रहे ट्राई सर्विस एक्सरसाइज - 'टाइगर ट्रायम्फ -24' में भाग ले रहे सैनिक पूर्वी समुद्री तट पर सैन्य अभ्यास कर रहे हैं। 14 दिवसीय अभ्यास दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है।

### अमेरिका की टिप्पणी पर भारत ने जताई नाराजगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर अमेरिका की टिप्पणी पर भारत ने नाराजगी जताई है। दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने बुधवार को अमेरिका के कार्यवाहक मिशन उप-प्रमुख ग्लोरिया बर्बेना को तलब किया। मुलाकात करीब 40 मिनट तक चली। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा था कि केजरीवाल की गिरफ्तारी से जुड़ी रिपोर्ट पर वह करीबी नजर रख रहा है। वह निष्पक्ष कानूनी प्रक्रिया को प्रोत्साहित करता है। इस पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि कूटनीति में दूसरों की संप्रभुता और आंतरिक मामलों का सम्मान करने की उम्मीद की जाती है।

## दुर्गम राह होगी आसन



*नई दिल्ली। कनेक्टिविटी को बढ़ावा देते हुए सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने लद्दाख में रणनीतिक निम्मू-पदम-दारचा सड़क को जोड़ दिया है। 298 किलोमीटर की यह सड़क करगिल-लेह राजमार्ग पर दारचा और निम्मू के माध्यम से मनाली को लेह से जोड़ेगी। मंगलवार को बयान में कहा गया कि यह सड़क अब मनाली-लेह और श्रीनगर-लेह के अलावा तीसरी धुरी है जो लद्दाख को भीतरी इलाकों से जोड़ती है।*

### शराब नीति केस में गिरफ्तारी को हाई कोर्ट में चुनौती

# केजरीवाल को राहत नहीं रिहाई के आदेश से इनकार

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली के शराब नीति केस में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली है। केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी और रिमांड पर भेजे जाने के फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, लेकिन कोर्ट ने केजरीवाल को रिहा करने के लिए कोई अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार कर दिया। इस मामले पर अब 3 अप्रैल को अगली सुनवाई होगी।

कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय को 2 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने को कहा है। केजरीवाल की ईडी की हिरासत 28 मार्च को खत्म हो रही है। ऐसे में ईडी केजरीवाल को गुरुवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश करेगी। वहीं, केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग वाली एक जनहित याचिका पर गुरुवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की कोर्ट में केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी और ईडी की ओर से एएसजी एसवी राजू ने करीब डेढ़ घंटे अपनी दलीलें रखीं। एएसजी राजू ने कहा कि हम विस्तृत जवाब दाखिल करना चाहते हैं।हमें अपना जवाब दाखिल करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए। सुनवाई पूरी करने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। बुधवार देर शाम अदालत ने फैसला सुनाया।

हाईकोर्ट ने कहा कि किसी मामले की सुनवाई और फैसला करते समय अदालत प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए दोनों पक्षों को निष्पक्ष रूप से सुनने के लिए बाध्य है। वर्तमान मामले पर निर्णय लेने के लिए ईडी का जवाब बेहद जरूरी और महत्वपूर्ण है।

हाईकोर्ट ने केजरीवाल की यह दलील खारिज कर दी कि ईडी के जवाब की जरूरत नहीं है। अदालत ने ईडी को दो अप्रैल तक का समय दिया है।




### गोवा: तीन आप नेताओं को पूछताछ के लिए बुलाया

नई दिल्ली: दिल्ली के शराब नीति घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय की जांच गोवा तक पहुंच गई है। ईडी ने गोवा में आम आदमी पार्टी के 3 नेताओं अमित पालेकर, रामाराव वाघा, दत्तप्रसाद नाइक को समन जारी 28 मार्च को पूछताछ के लिए दिल्ली बुलाया है। ये सभी नेता गोवा विधानसभा चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी से जुड़े थे। ईडी ने आरोप लगाया है कि साउथ ग्रुप से मिली रिश्वत का इस्तेमाल गोवा चुनाव में किया गया था।

### पीएम मोदी ने भाजपा प्रत्याशी अमृता राय से की बात...

# 3000 करोड़ की जब्त संपत्ति गरीबों को बांटने की तैयारी

■ पश्चिम बंगाल की कृष्णानगर सीट से प्रत्याशी हैं अमृता

**एजेंसी** | कोलकाता

भाजपा नीत केंद्र सरकार पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अटैच की गई करीब 3,000 करोड़ रुपए की राशि को गरीबों में बांटने की तैयारी कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बंगाल के नदिया जिले की कृष्णानगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही भाजपा प्रत्याशी अमृता राय से टेलीफोन पर बातचीत के दौरान यह बात कही। अमृता राय कृष्णानगर के पूर्व राजघराने की सदस्य हैं। उनके खिलाफ तृणमूल कांग्रेस ने महुआ मोइत्रा को उम्मीदवार बनाया है।

पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल में ईडी ने गरीबों से लूटी गई करीब 3,000 करोड़ रुपए की संपत्तियां अटैच की हैं, जिसे उन्हीं गरीबों को वापस लौटाने की दिशा में काम किया जा रहा है। इसके लिए कानूनी परामर्श लिए जा रहे हैं। वह उन कानूनी विकल्पों पर काम कर रहे हैं, जो ये सुनिश्चित कर सके कि बंगाल में शिक्षकों, क्लर्क की नौकरी आदि के लिए रिश्वत के तौर पर जिन गरीबों का पैसा लूटा गया है, वो उन भ्रष्टाचारियों की जब्त संपत्तियों के जरिए उन तक वापस पहुंच जाए।



### सत्ता में वापसी के बाद बनाएंगे कानून

प्रधानमंत्री ने भरोसा दिया कि चुनाव के बाद नई सरकार बनते ही इसे वापस लौटाने के लिए जो भी नियम या कानून बनाना होगा, वह सब किया जाएगा। पीएम ने भाजपा प्रत्याशी से यह बात सभी लोगों को बताने को भी कहा। पीएम ने अमृता राय से लगभग आठ मिनट की बातचीत में उनके चुनाव प्रचार की तैयारियों समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। पीएम ने भरोसा जताया कि बंगाल में इस बार परिवर्तन के लिए मतदान होगा। एक दिन पहले पीएम ने बशीरहाट सीट से उम्मीदवार बनाई गईं संदेशखाली कांड की पीड़िता रेखा पात्र से भी बात की थी। अमृता राय ने प्रत्याशी बनाए जाने के लिए पीएम का आभार जताया। मोदी ने कहा कि आप महाराजा कृष्णरायचंद की विरासत को आगे ले जा रही हैं।

### प्रमुख राजनीतिक दलों ने भुनाए चुनावी बॉन्ड

# चुनाव लड़ने के लिए पैसे नहीं: सीतारमण

**एजेंसी** | नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने चुनावी बॉन्ड भुनाए हैं। किसी को कुछ भी कहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है क्योंकि यह कानूनी था और कानून के मुताबिक है।

वहीं उन्होंने लोकसभा चुनाव से टिकट को लेकर कहा कि मैंने टिकट को अस्वीकार कर दिया है, क्योंकि मेरे पास चुनाव लड़ने के लिए पर्याप्त पैसा नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्होंने चुनाव लड़ने के भाजपा के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उन्हें आंध्र प्रदेश या तमिलनाडु से चुनाव लड़ने का विकल्प दिया था। उन्होंने कहा कि एक हफ्ते या दस दिनों तक सोचने के बाद, मैं कहा नहीं..मेरे पास चुनाव लड़ने के लिए उस तरह का पैसा नहीं है। एक निजी कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि चुनावी बॉन्ड के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मुद्देनजर चुनावी फंडिंग के लिए बेहतर प्रणाली लाने के लिए और अधिक बहस की जरूरत है। कानून संसद द्वारा पारित किया गया था और बॉन्ड उस समय प्रचलित कानून के मुताबिक खरीदे गए थे।




### टोल प्लाजा पर नहीं करना होगा भुगतान

# अब जल्द ही सैटेलाइट से कटेगा टोल टैक्स

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सरकार जल्द ही टोल टैक्स कलेक्शन सिस्टम को पूरी तरह से बदलने वाली है।

अब टोल प्लाजा पर टैक्स का भुगतान करने की बजाए एक सैटेलाइट आधारित टोल संग्रह प्रणाली लागू होगी। इस नए सिस्टम से हाईवे पर सफर करने वालों को फायदा होगा। क्योंकि उन्हें उतने ही पैसे देने पड़ेंगे जितने किलोमीटर की वे यात्रा करेंगे। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार गडकरी ने कहा, अब हम टोल खत्म कर रहे हैं और एक सैटेलाइट आधारित टोल संग्रह प्रणाली लागू होगी। आपके बैंक खाते से सीधे पैसा कट जाएगा और आप सड़क यात्रा में जितनी दूरी तय करेंगे उसी के अनुसार शुल्क लिया जाएगा। इससे समय और पैसा दोनों की बचत होगी। पहले मुंबई से पुणे जाने में 9 घंटे लगते थे, अब यह घटकर 2 घंटे हो गया है।



### अमेरिका के बराबर होगा सड़क नेटवर्क

भारतमाला परियोजना के बारे में गडकरी का कहना है, भारतमाला-1 प्रोजेक्ट 34 हजार किलोमीटर की परियोजना है और भारतमाला-2 लगभग 8500 किलोमीटर की है। 2024 के आखिर तक इस देश की तस्वीर पूरी तरह बदल जाएगी। मेरी कोशिश राष्ट्रीय राजमार्ग के सड़क नेटवर्क को अमेरिका के बराबर बनाने का है और मुझे पूरा विश्वास है कि मैं इसमें सफल हो जाऊंगा।

### अंतरिक्ष का सैन्यकरण अपरिहार्य

# भविष्य में युद्ध अलग तरीके से लड़े जाएंगे: चौधरी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने बुधवार को कहा कि बालाकोट जैसे अभियानों ने साफ कर दिया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति हो तो दुश्मन की सीमा से परे जाकर हवाई ताकत दिखाई जा सकती है।

उन्होंने कहा कि हमें यह स्वीकार करने की जरूरत है कि भविष्य में अलग तरीके से युद्ध लड़े जाएंगे। हमें अभी से तैयार रहने की जरूरत है। वायुसेना प्रमुख चौधरी ने 'भविष्य के संघर्षों में हवाई शक्ति' विषय पर एक संगोष्ठी में कहा कि जैसे-जैसे देश तेजी से अंतरिक्ष-आधारित संसाधनों पर निर्भर हो रहे हैं, अंतरिक्ष का सैन्यीकरण अपरिहार्य वास्तविकता बन गई है। उन्होंने कहा, हम सभी को मानना होगा कि भविष्य की लड़ाई अलग तरीके से लड़ी जाएगी। भविष्य के संघर्ष गतिशील और स्थिर बलों के प्रयोग, उच्च स्तर की युद्ध स्थल पारदर्शिता, बहुआयामी परिचालन, उच्च स्तर की सटीकता, अधिक घातक होने आदि के मिले-जुले रूप पर आधारित होंगे। निश्चित रूप से इन सभी पर मीडिया की पैनी नजर होगी। उन्होंने कहा कि सैन्य अभियानों के लिए अंतरिक्ष एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के तौर पर उभरा है जहां निर्बाध संचार और निगरानी क्षमताएं आधुनिक सैन्य बलों की क्षमता को बढ़ाएंगी।




### सैनिकों की पारंपरिक तैनाती पर ही चीन से संबंध सामान्य होंगे

कुआलालंपुर। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि चीन के साथ द्विपक्षीय संबंध केवल उसी स्थिति में सामान्य होंगे जब हम सैनिकों की पारंपरिक तैनाती वाली स्थिति में पहुंच जाएंगे। विदेश मंत्री ने कहा कि बीजिंग के साथ संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए भी यही शर्त होगी। जयशंकर ने मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में कहा, भारतवासियों के प्रति मेरा पहला कर्तव्य सीमा की सुरक्षा करना है। मैं इस पर कभी समझौता नहीं कर सकता। उन्होंने प्रवासी भारतीयों के साथ बातचीत के दौरान चीन के साथ

### कमांडरों के सम्मेलन में होगा सुरक्षा मूल्यांकन

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो अप्रैल को सेना के कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करेंगे। सम्मेलन में सेना की प्रगति और भविष्य की तैयारियों को लेकर गहन चर्चा की जाएगी और समूचे देश की सुरक्षा का मूल्यांकन किया जाएगा। सैन्य कमांडरों का यह सम्मेलन वर्चुअल मोड में 28 मार्च को होगा। सेना अध्यक्ष जनरल मनोज पांडे सैन्य कमांडरों को आनलाइन संबोधित करेंगे। इसके बाद एक और दो अप्रैल को सैन्य कमांडरों की बैठक होगी जिसमें जनरल पांडे के अलावा सेना के सभी वरिष्ठ अफसर उपस्थित होंगे। इस अवसर पर भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयारी का मूल्यांकन किया जाएगा।



### भारी पड़ी भारत से दुश्मनी

# पानी को तरसा मालदीव चीन के सामने गिड़गिड़ाया

**एजेंसी** | माले/ नई दिल्ली

मालदीव में 2014 के बाद फिर से बड़ा जल संकट गहरा गया है। लोग बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। हालांकि 2014 में भारत ने संकटमोचक बनकर मालदीव को पानी उपलब्ध कराया था। इसके लिए ऑपरेशन नीर चलाया गया था। लेकिन इन दिनों मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू की भारत के प्रति अमैत्री पूर्ण नीति के चलते रिश्तों में खटास आ गई है और अब मालदीव पानी के लिए चीन के सामने गिड़गिड़ा रहा है। मुइज्जू सरकार के गिड़गिड़ाने पर चीन की सरकार ने मालदीव को 1500 टन पीने योग्य पानी दान किया है। यह पानी चीन को तिब्बत के ग्लेशियरों से जमा किया हुआ था। मुइज्जू के नवंबर 2023 में मालदीव के राष्ट्रपति की कुर्सी संभालने के बाद मालदीव ने भारत से पंगा लेकर चीन से दोस्ती की तरफ कदम बढ़ाए थे।

मालदीव के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को जानकारी दी कि पीने के पानी की खेप सफलतापूर्वक उस तक पहुंच गई है। मालदीव के मुताबिक, चीन का यह फैसला तिब्बत में चीनी प्रतिनिधि और अध्यक्ष यान जिनहाई की माले यात्रा के दौरान चर्चा का परिणाम है। उस वक्त जल संकट में मालदीव की तरफ से मदद का आह्वान किया गया था।

## सच बेधड़क के विजय सिंह को पं. गोकुल चंद राव कला लेखन अवॉर्ड

# गुणीजन संगीत समारोह में हुआ सुर, लय और ताल का संगम

**बेधड़क.जयपुर।** संगीत गुरु पं. गोकुल चंद राव की स्मृति में बुधवार को संगीतज्ञ पं. गोकुल चंद राव की स्मृति में 41वां गुणीजन संगीत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सबरंग संस्था की ओर से आयोजित हुए इस समारोह में डॉ. श्याम सुन्दर शर्मा के ध्रुवपद गायन और डॉ. श्वेता गर्ग की कथक नृत्य की प्रस्तुति के साथ सांस्कृतिक लेखन में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए सच बेधड़क के रिपोर्टर विजय सिंह को पं. गोकुल चंद राव को कला लेखन, डॉ. श्वेता गर्ग को कथक के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए पं. गोकुल चंद राव कला अवॉर्ड से नवाजा गया।



फोटो: पंकज शर्मा

### नृत्य साधना का बेहतरीन प्रदर्शन

समारोह में डॉ. श्वेता गर्ग ने रक्षिता शेखावत और प्रियांशा जैन के साथ मिलकर होली की ठुमरी को जिस नजाकत भरे अंदाज में प्रस्तुत किया, उससे परिवेश होली के रंग मे रंग गया। श्वेता ने इसके अलावा कथक में चाला, ठाठ, परण जोड़ी, आमद, तिहाईयों और 53 चक्कर का मयूरी तोड़ा प्रस्तुत कर अपनी नृत्य साधना का बेहतरीन प्रदर्शन किया। उनके साथ तबले पर पं. कौशल कान्त पंवार, सारंगी पर उस्ताद अमीरूद्दीन और हारमोनियम व गायन पर पं. रमेश मेवाल ने संगत की। तत्पश्चात ध्रुवपदाचार्य स्व. पं. लक्ष्मण भट्ट तैलंग और विदूषी डॉ. मधु भट्ट तैलंग के शिष्य डॉ. श्याम सुन्दर शर्मा का ध्रुवपद गायन हुआ। उन्होंने राग बिहाग को अपनी प्रस्तुति का माध्यम बनाया। पखावज पर प्रतीश रावत ने संगत की।



### कई हस्तियां सम्मानित

समारोह में संगीत, नृत्य और चित्रकला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के कई हस्तियों को भी सम्मानित किया गया। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन संपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण, शिक्षाविद् देवनारायण जैमन, जाने-माने वैदिक चित्रकार रामू रामदेव, समाज सेवी कुन्दन लाल पठानी, सबरंग के सचिव पं. राजेन्द्र राव, अध्यक्ष अनिल तिवारी और वरिष्ठ पत्रकार अशोक शर्मा ने सभी को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र और शॉल आदि देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरूआत पं. रमेश मेवाल के गाए गणपति श्लोक से हुई। इसके बाद बाल कलाकार आद्या जैन, अदिति और नविका सिंह ने एक मिनट में कथक के 'तत्-तत्-थेई' के पचास चक्कर लगाकर वहां मौजूद लोंगों को हैरत में डाल दिया।



## टिल्लू स्क्वायर का ट्रेलर रिलीज



**तेलुगु** फिल्म टिल्लू स्क्वायर ट्रेलर बुधवार को रिलीज किया गया। मूवी में में सिद्धू, अनुपमा परमेश्वरन लीड रोल में हैं। सीथारा एंटरटेनमेंट्स, फॉर्च्यून फोर सिनेमाज के बैनर तले बनी इस मूवी का डायरेक्शन मल्लिक राम ने किया है। सूर्यदेवरा नागा वामसी और साई सौजन्या ने इसे प्रोड्यूस किया है। एडिटर नवीन नूली है तथा छायांकन साई प्रकाश उम्मादिसिंगु ने किया है। मूवी में संगीत राम मिरियाला और अचु राजमणि का है। टिल्लू टिल्लू स्क्वायर सुपरहिट मूवी टिल्लू का सीक्वल है। यह 29 मार्च को सिनेमाघरों में वर्ल्डवाइड रिलीज की जाएगी।

## लोक नृत्य कार्यशाला कल से

**बेधड़क. जयपुर।** लोक कलाओं के संरक्षण और युवाओं को इससे रू-ब-रू करवाने के उद्देश्य से जवाहर कला केन्द्र की ओर से आयोजित की जा रही कार्यशालाओं के क्रम में 29 मार्च से 7 अप्रैल तक लोक नृत्य कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें डॉ. रूप सिंह शेखावात प्रशिक्षक और गुलशन सोनी सह प्रशिक्षक रहेंगी। 16 वर्ष से अधिक उम्र के कलाकार निःशुल्क कार्यशाला में हिस्सा ले सकेंगे। परिजात 1-2 में सायं चार से छह बजे तक कार्यशाला का आयोजन होगा। गूगल फॉर्म के जरिए आवेदन करने के साथ केन्द्र के स्वागत कक्ष से भी आवेदन पत्र प्राप्त किए जा सकते हैं।

## सिद्धार्थ-अदिति ने रचाई शादी?



साउथ एक्टर सिद्धार्थ और अदिति राव हैदरी ने शादी कर ली है। खबर है कि दोनों ने तेलंगाना के श्री रंगानायक स्वामी मंदिर में शादी रचाई है। हालांकि, अभी तक फोटोज सामने नहीं आई हैं। सिद्धार्थ और अदिति शाम तक फोटोज शेयर कर ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर सकते हैं। ग्रेट आंध्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सिद्धार्थ और अदिति राव हैदरी ने तेलंगाना के श्रीरंगापुरम जिले के रंगानायक स्वामी मंदिर में गुपचुप तरीके से शादी की है। दोनों पिछले कई साल से एक दूसरे को डेट कर रहे थे।

## City इवेंट्स

### चित्रलेखा-कुमारगिरि को हुआ आत्मज्ञान



**बेधड़क. जयपुर।** विश्व रंगमंच दिवस पर बुधवार को जवाहर कला केन्द्र के रंगायन सभागार में नाटक 'चित्रलेखा' का मंचन किया गया। नाटक पद्म भूषण अलंकृत साहित्यकार भगवती चरण वर्मा की इसी नाम की कृति पर आधारित है। वरिष्ठ रंगकर्मी धीरज भटनागर ने नाट्य रूपांतरण और निर्देशन किया। मंच पर मध्यकालीन भारत की छवि और महल के साथ ही योगी की कुटिया को दर्शाने के लिए लकड़ी से सेट तैयार किया गया। अभिनेता आशुतोष राणा की आवाज में गूंजते शिव तांडव पर नृत्य के साथ नाटक की शुरुआत होती है जिसका भावानुवाद आलोक श्रीवास्तव ने किया है। इसमें दिखाया गया है कि कस तरह चित्रलेखा और कुमारगिरि को आत्मज्ञान होता है। नाटक में सरगम भटनागर, दीपक गुर्जर, प्रेमचंद बाकोलिया, अनमोल त्यागी, मुकेश पारीक, तनिष्का मुद्गल, वैभव दीक्षित, देवेश शर्मा, अथर्वा कुलश्रेष्ठ और वाणी पाण्डेय ने विभिन्न किरदार निभाए। दिनेश प्रधान तकनीकी सलाहकार रहे। प्रकाश संयोजन गगन मिश्रा ने संभाला। ग्वालियर घराने के सितार वादक पं. दीपांशु शर्मा ने संगीत दिया। रूप सज्जा असलम पठान ने की जबकि पोशाक नेहा चतुर्वेदी और करुणा भटनागर ने तैयार की।

### किड्स फैशन शो का पोस्टर लॉन्च




**बेधड़क. जयपुर।** हेरिटेज किड्स फैशन शो का आयोजन जवाहर कला केंद्र के रंगायन सभागार में 18 मई को किया जाएगा। शो का पोस्टर लॉन्च अजमेर रोड स्थित सोनाली डांस अकेडमी में किया गया। कार्यक्रम संयोजक अर्चना बैराठी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य ऐसे बच्चों को मंच देने का है, जिनके पैरेंट्स अपने बच्चों को इस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते है। अनन्य सोच सेवा संस्थान के इस शो में नये नवेले बच्चे ने अपनी नटखट अदाओं से भरे टैलेंट से सभी का दिल जीतते हुए नजर आएंगे। शो की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अर्चना ने बताया कि फैशन शो तीन कैटेगरी 2 से 5, 6 से 8 और 9 से 12 में आयोजित होगा।

## विश्व रंगमंच दिवस पर लघु नाटक का मंचन

# रंगमंच कला सीखने, सिखाने का माध्यम नहीं अपितु जीने की कला



**बेधड़क | जयपुर**

विश्व रंगमंच दिवस पर रविंद्र मंच सोसाइटी द्वारा रंगमंच की विशेषताओं पर आधारित लघु नाटिका 'हमारा रंगमंच-श्रेष्ठ रंगमंच' का मंचन रवींद्र मंच पर किया गया।

लघु नाटिका में रंगमंच के तत्वों की विशेषताओं के बारे में विस्तार से समझाया गया, नाटिका में दिखाया गया कि रंगमंच 64 कलाओं मैं श्रेष्ठ कला है। रंगमंच कलाओं के सीखने, सिखाने का माध्यम ही नहीं अपितु जीवन जीने की कला रंगमंच है। रंगमंच हमें आत्मविश्वास,ध्यान, समूह में कार्य करने की योग्यता, सहयोग की भावना, सत्यनिष्ठा आदि गुणों से परिपूर्ण करती है। यदि पूर्ण लगन और धेर्य से रंगमंच सिखा जाए तो इस कला मे रोजगार के अनेक अवसर के साथ साथ जीवन जीने की सफल कला को प्राप्त किया जा सकता है।

नाटिका में केके कोहली, हिमांशु झांकल, सचिन भट्ट, विनोद पेरडीवाल, विजय गुर्जर, कपिल कुमार ने अभिनय किया। नाटिका का लेखन व निर्देशन हिमांशु झांकल ने किया। इस अवसर पर जयपुर रंगमंच के वरिष्ठ आधार कार्ड एवं निर्देशक नरेंद्र अरोड़ा ने रंग मंच की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जयपुर रंगमंच अपनी एक विशेष पहचान रखता है। इसके अलावा नवोदय कवियों द्वारा अपनी कविता पाठ किया एवं गायन में रुचि रखने वाले कलाकारों ने गायन प्रस्तुति दी। इस अवसर पर रवींद्र मंच प्रबंधक सोविला माथुर बताया कि कला के प्रोत्साहन एवं उत्थान में रविंद्र मंच द्वारा कलाकारों को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

## अक्षत डॉक्टर्स प्रीमियर टेनिस लीग 24 अप्रैल से

# सीनियर वर्ग में सोलह टीमें और जूनियर वर्ग में चार टीमें भिड़ेंगी



**बेधड़क | जयपुर**

अक्षत डॉक्टर्स प्रीमियर टेनिस लीग (अक्षत डीपीटील) का चौथा सीजन 24 से 28 अप्रैल को जय क्लब में आयोजित किया जाएगा। लीग पेट्रन डॉ संदीप निझावन ने बताया कि इस वर्ष सीनियर वर्ग में सोलह टीमें और जूनियर वर्ग में चार टीमें भाग लेंगी। लीग चेयरमैन डॉ. जयंत सेन ने बताया कि इस वर्ष प्रतियोगिता में दबंग/मलंग जोड़ी और एकल प्रतियोगिता भी होगी। लीग सचिव डा. अनिल यादव ने बताया कि इस वर्ष नवाचार के तौर पर प्रथम बार डीपीटील ट्राइओ चैंपियनशिप का आयोजन किया जायेगा। लीग कोऑर्डिनेटर डॉ. ओम मील ने बताया कि इस वर्ष डीपीटील में ऑल इंडिया ओपन डबल चैंपियनशिप भी होगी।

प्रतियोगिया के लिए खिलाड़ियों का चयन ट्रायल के द्वारा 29 और 31 मार्च को होगा। लीग चयनकर्ता डॉ. दीपक गुप्ता और डॉ. सचिन खटटर ने बताया कि ट्रायल में जयपुर के अलावा चूरू, सीकर, झुंझुनू, भरतपुर, कोटा, श्रीगंगानगर, अजमेर, जालोर इत्यादि जिलों के अलावा राज्य के बाहर से करीब 175 खिलाड़ी भाग लेंगे। लीग कोचेयरमैन डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि खिलाड़ियों का ऑक्शन 14 अप्रैल को जयपुर के निजी होटल में आयोजित किया जायेगा। लीग कोऑर्डिनेटर डॉ. दीपाली पाठक ने बताया कि प्रथम बार वूमेंस ओपन टेनिस चैंपियनशिप भी होगी। लीग कोऑर्डिनेटर डॉ. दीपक सैनी ने बताया कि डीपीटील में छह से ग्यारह वर्ष के वर्ग के बच्चों के लिए ओपन सिंगलस और डबलस टेनिस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा।

**नवाचार** जयपुर में 'द म्यूजियम ऑफ मीनाकारी हेरिटेज' का हुआ उद्घाटन

# दर्शक मीनाकारी देखने के साथ-साथ उसे जान भी पाएंगे

**बेधड़क | जयपुर**

राजधानी में देश के अपनी तरह के पहले अनूठे मीनाकारी म्यूजियम द म्यूजियम ऑफ मीनाकारी हेरिटेज (एमओएमएच) का उद्घाटन किया गया। यह स्थान केवल एक म्यूजियम ही नहीं है, बल्कि एक्सपीरियंस सेंटर की तरह है। जहां लोग मीनाकारी की समृद्ध कला को देखने के साथ-साथ उसके बारे में जानकारी भी हासिल कर सकते हैं। इसकी खास बात यह है कि इसे बनाने के लिए बाहर से कुछ भी नहीं लाया गया है, जो भी मैटेरियल इस्तेमाल हुआ है, वह सभी राजस्थान का ही है। यह म्यूजियम जयपुर, यहां की कला और कलाकारों को समर्पित है।

उद्घाटन समारोह में प्रिंसेस गौरवी कुमारी ऑफ जयपुर, तीन बार के ग्रैमी अवॉर्ड विजेता भारतीय संगीतकार रिकी केज, कल्चरिस्ट संदीप भूतोड़िया, हेड ऑफ एडिटोरियल कंटेंट, वोग इंडिया, रोशेल पिंटो, अभिनेत्री और निर्देशक नंदिता दास, ग्लोबल एडिटोरियल डायरेक्टर, सीएनटी दिव्या थानी, ज्वैलरी क्यूरेटर और कंसल्टेंट, वोग की पूर्व मैनेजिंग एडिटर अर्चना थानी,




हार्पर बाजार इंडिया की एडिटर-इन-चीफ रसना भसीन, फैशन डिजाइनर और एक्टर अनाइता श्रॉफ आदि सहित कई हस्तियां शामिल हुईं।

### पारंपरिक और मॉडर्न शिल्प के संगम की प्रतीक

इस अवसर पर संस्थापक सुनीता शेखावत ने बताया कि 3,000 वर्ग फीट से अधिक क्षेत्र में फैला हुआ यह म्यूजियम जयपुर में सरदार पटेल मार्ग पर स्थित है। इसमें विश्वभर के 15 से अधिक प्रमुख संग्रहालयों, निजी संग्रहों, आर्ट गैलेरीज और ऑक्शन हाउसेज से 300 से अधिक चित्र प्राप्त किए गए हैं, जो पुनर्जागरण वाले यूरोप से भारत में इसके आगमन तक मीनाकारी के सूक्ष्म इतिहास को दर्शाते हैं। इनमें ब्रिटिश म्यूजियम, वी एंड ए म्यूजियम, आर्ट इंस्टीट्यूट ऑफ शिकागो, मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट, द अल-थानी कलेक्शन, अगा खान म्यूजियम, द हरमिटेज और सोथबीज कुछ प्रमुख नाम हैं। द हाउस ऑफ शेखावत की ओर से 120 प्रतिकृतियां तैयार की गई हैं जो शिल्प से संबंधित अभिलेखीय रूपांकनों, शैलियों और मौखिक इतिहास का अमूल्य भंडार है।



स्नेह अनकहे शब्दों का संसार है, जिसे केवल मन समझता है।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### सरकार के फैसले से समलैंगिक समुदाय में डर का माहौल

# रूस में एलजीबीटी को माना जाएगा आतंकवादी संगठन




**एजेंसी** | मॉस्को

रूस में एलजीबीटी आंदोलन को चरमपंथी और आतंकवादी संगठनों की लिस्ट में जोड़ दिया गया है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए ने इस बारे में जानकारी दी है। यह कदम पिछले नवम्बर में रूस के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तहत उठाया गया है, जिसमें कहा गया था कि एलजीबीटी कार्यकर्ताओं को चरमपंथी के रूप में नामित किया जाना चाहिए।

फिलहाल, इस नए आदेश के बाद समलैंगिक और ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्यों में डर है कि इससे उनकी गिरफ्तारी हो सकती है और मुकदमा चलाया जा सकता है।

यह सूची रोसफिन मॉनिटरिंग नामक एजेंसी बनाती है, जिसके पास चरमपंथी और आतंकवादी के रूप में नामित 14000 से अधिक लोगों और संस्थाओं के बैंक खाते फ्रीज करने की शक्ति है। इनमें अलकायदा से लेकर अमेरिकी कंपनी मेटा और दिवंगत रूसी विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी के सहयोगी शामिल हैं। रूसी समाचार एजेंसी आरआईए ने कहा कि नई सूची अंतरराष्ट्रीय एलजीबीटी आंदोलन और इसकी संरचनात्मक इकाइयों के बारे में हैं।

### लिंग परिवर्तन पर भी है प्रतिबंध

राष्ट्रपति पुतिन के नेतृत्व में रूस ने एलजीबीटी समुदाय की पहचान और अभिव्यक्ति पर कड़े प्रतिबंध लगाए हैं। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एलजीबीटी आंदोलन को पतनशील पश्चिमी दृष्टिकोण के रूप में देखते हैं और पारिवारिक मूल्यों की मजबूती से वकालत करते हैं। रूस ने इसके अलावा गैर पारंपरिक यौन संबंधों को बढ़ावा देने पर रोक लगाने वाले कानून पारित किए हैं। साथ ही पुतिन के देश में लिंग परिवर्तन पर भी प्रतिबंध है। गौरतलब है कि क्रेमलिन ने दो साल पहले यूक्रेन में अपना आक्रमण शुरू करने के बाद से एक रूढ़िवादी मोड़ ले लिया है, जिसने संघर्ष को पश्चिम और उसके विचारों के खिलाफ युद्ध का मैदान बना दिया है।

### दो साल पहले किया था बैन


रूस ने 2022 में एलजीबीटी को समलैंगिक प्रोपेगैंडा बताते हुए इस पर प्रतिबंध लगा दिया था। यही नहीं, पहले के कानून का विस्तार करते हुए इसे नाबालिगों के बीच भी प्रतिबंधित कर दिया। एक रूसी अदालत ने बुधवार को एक समलैंगिक बार के दो कर्मचारियों को चरमपंथी संगठन संगठित करने का आरोप लगाते हुए प्री-ट्रायल हिरासत में रखने का आदेश दिया, जो सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद इस तरह का पहला मामला था।

### पाकिस्तान में फूटा न्यायाधीशों का 'चिट्ठी बम'

# काम में दखल देती है ISI

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान में नई सरकार आने के चंद दिन बाद ही जजों के चिट्ठी बम ने हंगामा मचा दिया है। इस्लामाबाद हाईकोर्ट के छह जजों ने देश की खुफिया एजेंसी पर नाजायाज दखल देने का आरोप लगाया है। सुप्रीम ज्यूडिशियल काउंसिल (एसजेसी) से हस्तक्षेप की मांग करते हुए इन न्यायाधीशों ने कहा है कि पाकिस्तान की शक्तिशाली खुफिया एजेंसियां (आईएसआई) उनको आजादी और ईमानदारी से काम करने से रोक रही हैं। ऐसे में न्यायपालिका के कामकाज में हस्तक्षेप को रोकेने के लिए सर्वोच्च न्यायिक परिषद दखल दे। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के छह न्यायाधीशों ने पत्र लिखकर अपनी बात रखी है। एचटी की रिपोर्ट के मुताबिक, इस्लामाबाद हाईकोर्ट के छह जजों की ओर से साइन किए गए पत्र में एजेंसियों के न्यायिक मामलों में हस्तक्षेप के खिलाफ ज्यूडिशियल कंन्वेंशन शुरू करने की मांग की गई है। 25 मार्च को लिखे गए इस पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले छह जजों में जस्टिस मोहसिन अख्तर कयानी, तारिक महमूद जहांगीरी, बाबर सत्तार, सरदार इजाज इशाक खान, अरबाब मुहम्मद ताहिर और जस्टिस समन रफत इम्तियाज शामिल हैं।




### आचार संहिता में कोई मार्गदर्शन नहीं

पत्र में कहा गया है कि एसजेसी द्वारा न्यायाधीशों के लिए निर्धारित आचार संहिता इस बात पर कोई मार्गदर्शन नहीं देती है कि न्यायाधीशों को उन घटनाओं पर कैसे प्रतिक्रिया देनी चाहिए या रिपोर्ट करनी चाहिए जो धमकी के समान हैं और न्यायिक स्वतंत्रता में हस्तक्षेप करती हैं। न्यायाधीशों ने आगे कहा कि उनका मानना है कि इसकी जांच करना और यह निर्धारित करना जरूरी है कि ऐसा ना हो। पत्र में एसजेसी से न्यायपालिका की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए सख्त रुख अपनाने की मांग की गई है। एसजेसी उच्च और सर्वोच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए अधिकृत सर्वोच्च निकाय है।

### 'अदालतों की आजादी सुनिश्चित की जाए'

इस खत में कहा गया है कि हम एक न्यायाधीश के कर्तव्य के संबंध में सर्वोच्च न्यायिक परिषद से मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए ये पत्र लिख रहे हैं। इसमें कार्यपालिका के सदस्यों, जिनमें खुफिया एजेंसियों के संचालक भी शामिल हैं, के कार्यों की रिपोर्ट करना है, जो अदालती कामकाज में हस्तक्षेप करना चाहते हैं। इसमें धमकी और कई तरह के तरीके अपनाए जाते हैं। यह न्यायिक मामलों में कार्यपालिका और एजेंसियों के हस्तक्षेप को उजागर करता है, जिसमें एक मामले के संबंध में न्यायाधीश पर दबाव बनाने के लिए उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के बहनोई के अपहरण और यातना भी शामिल है।

### इजराइली सेना के हमलों से थर्राई गाजा पट्टी

# हवाई हमले कर दर्जनों को उतारा मौत के घाट

**एजेंसी** | गाजा पट्टी

इजराइली सेना ने रात भर हवाई हमलों से गाजा पट्टी के दोनों छोर पर दर्जनों फिलिस्तीनियों को मार गिराया। वहीं, उत्तर में अल शिफा अस्पताल के आसपास के क्षेत्र और दक्षिणी छोर पर राफा को भी निशाना बनाया गया जहां दस लाख से अधिक लोगों ने शरण ले रखी है। गाजा पट्टी के उत्तर में जहां अल शिफा के आसपास एक सप्ताह से अधिक समय से भीषण लड़ाई चल रही है। हसीरा परिवार के सदस्यों ने बताया कि एक हमले में दर्जनों लोग मारे गए थे, जिसमें गाजा के सबसे बड़े अस्पताल के पास एक परिसर का सफाया हो गया था।

### आठ बच्चों सहित 18 लोग मरे

इजराइल का कहना है कि उसने सैकड़ों हमास लड़ाकों को मार डाला है और कई लड़ाकों को गिरफ्तार कर लिया है। हमास और चिकित्सा कर्मचारी इस बात से इनकार करते हैं कि लड़ाके अस्पताल में मौजूद थे। जहां गाजा के 23 लाख लोगों में से आधे से अधिक लोग मिस्र के साथ सीमा बाड़ के खिलाफ राफा में शरण ले रहे हैं। अबू नकैरा परिवार के घर पर हमले में आठ बच्चों सहित 18 लोग मारे गए।






### सूर्य ग्रहण में बदलेगा जानवरों का व्यवहार

# दिन में रात होते देख चौकेंगे पक्षी

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

पूर्ण सूर्य ग्रहण का दृश्य एक अनोखा दृश्य होता है। इस दौरान अंधेरा छा जाता है और तापमान में गिरावट दर्ज की जाती है। ऐसी ही एक घटना 8 अप्रैल को होने वाली है। सूर्य ग्रहण के दौरान जानवरों और पौधे भी अजीब तरह से व्यवहार करते हैं। दिन में रात होने की इस अद्भुत घटना के दौरान पशु-पक्षी अलग-अलग तरह से व्यवहार करते हैं। वैज्ञानिकों को एक बार फिर ग्रहण के दौरान होने वाले प्रभावों के अध्ययन का मौका मिला है। 2017 में अमेरिका में हुए पूर्ण ग्रहण के दौरान शोधकर्ताओं ने पाया कि कीड़े, पक्षी और पौधे रात के पैटर्न की तरह व्यवहार कर रहे थे। जुगनू चमकने लगे थे और चिड़ियाघर के जानवरों में चिंता या भ्रम के लक्षण दिख रहे थे। 1851 में भोजन ले जा रही चीटियों का झुंड ग्रहण के दौरान रुक गया और सूरज के दोबारा दिखने के बाद वहां से चला। 1932 में पूरी तरह से नष्ट होने के बाद मैसाचुसेट्स में एक पेंट्री कॉकरोचों से संक्रमित हो गई थी। हालांकि वैज्ञानिक सभी जानवरों पर इसके प्रभाव के होने की पुष्टि नहीं कर सकते हैं।



### पौधों पर भी असर

इंडियाना यूनिवर्सिटी के प्लांट इकोफिजियोलॉजिस्ट डैनियल बेवर्ली ने 2017 में ग्रहण के दौरान व्योमिंग में सेजब्रश पौधे के व्यवहार पर अध्ययन किया। व्योमिंग अमेरिका का एक राज्य है जहां 2017 से पहले 1918 में ग्रहण लगा था। उन्होंने बताया कि ये पौधे 60 से 100 साल पुराने हैं। दोपहर में उन्होंने कभी इतना अंधेरा नहीं देखा। वैज्ञानिकों ने पाया कि समग्रता के दौरान प्रकाश संश्लेषण कम हो गया। फिर कुछ मिनटों बाद निकले सूर्य के झटके से उबरने में उन्हें घंटों लग गए। इस साल बेवर्ली इंडियाना के एक जंगल में पौधो पर शोध करेंगे।

### अलग प्रतिक्रिया करते हैं कीट

साल 2017 में समग्रता से 50 मिनट पहले और 50 मिनट बाद कीड़ों और पक्षियों की निगरानी करने वाले शोधकर्ताओं ने पाया कि आसमान पूरी तरह शांत हो गया था। लेकिन समग्रता के दौरान इनकी गतिविधि अचानक बढ़ गई। शोधकर्ताओं ने अनुमान लगाया कि यह कोई कीट हो सकते हैं, जो अंधेरे में प्रतिक्रिया करते हैं। ग्रहण वैज्ञानिकों को इसके प्रभावों को समझने में और भी मदद करेगा। पक्षियों के अलावा मधुमक्खी भी ग्रहण के दौरान अपने छत्ते में लौटने लगती हैं।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl